# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## अहा...काशी में देव दीपावली



ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर देव दीपावली मनाई गई

# 84 घाटों पर जले 25 लाख दीये

काशी में घाटों पर अद्भुत नजारा ड्रोन से लिया गया फोटो

2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे | सीएम योगी ने नमो घाट पर पहला दीप जलाया | गंगा पार भी दिखा दिव्य नजारा | दशाश्वमेध घाट पर देशभक्ति का अद्भुत संगम | 40 से ज्यादा देशों के लोग वाराणसी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी नगर में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार की शाम देव दीपावली मनाई गई। सीएम योगी ने नमो घाट पर पहला दीप जलाया। 84 घाटों पर 25 लाख दीये जलाए गए। 15 लाख पर्यटन विभाग और 10 लाख दीयों का इंतजाम समितियों और काशी वासियों ने किया है।



2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे। वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सेना और एनडीआरएफ के जवान भी उत्सव में शामिल हुए। इस बार ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर देव दीपावली मनाई गई।

## इधर, तवा-नर्मदा संगम बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा का मेला

# डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मां नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में इस समय पारंपरिक मेला लगा हुआ है। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को यहां श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ से स्नान के लिए भीड़ लगने लगी। दोपहर 3 बजे अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा लोग स्नान कर चुके थे। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए हैं, ताकि कोई भी श्रद्धालु नदी पार कर संगम टापू तक न जा सके। चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार

श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने एक दिन पहले ही पहुंचे



मां नर्मदा के घाट पर मेले का दृश्य

शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। देर रात तक 20 हजार से अधिक लोग बांद्राभान पहुंच चुके थे। मेले में करीब 500 अस्थाई दुकानें और झूले लगे हैं।





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## अब राहुल गांधी लाए हाइड्रोजन बम...हरियाणा चुनाव में 'वोट चोरी' का लगाया बड़ा आरोप

# 25 लाख वोटों की चोरी, हर आठ में एक वोटर फर्जी रिजिजू ने कहा- हद है...इनका बम फटता क्यों नहीं ?

राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा से जुड़े हजारों लोगों ने उत्तर प्रदेश के साथ ही हरियाणा में भी वोट दिया। एक ही तस्वीर को कई एंट्री पर इस्तेमाल किया गया




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप दोहराए। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी किए गए। उन्होंने कहा कि फर्जी फोटो, नाम और घर के पते के कई मतदाता जांच में मिले हैं।

हर 8 में से एक मतदाता फर्जी था। इसके कारण कांग्रेस के हाथ से सरकार छीन ली गई। राहुल ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और 2 अन्य आयुक्तों ने भाजपा के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की जीत तय की। उन्होंने दावा किया कि इनकी पीएम मोदी के साथ साझेदारी है।

### ये गंभीर आरोप

- सीमा-स्वीटी बनकर ब्राजीली मॉडल ने हरियाणा चुनाव में डाले वोट
- नकली फोटो वाले हरियाणा में एक लाख से ज्यादा मतदाता
- मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य आयुक्तों ने भाजपा के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की जीत सुनिश्चित की

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं




मतदाता सूची में गड़बड़ी के तहत ब्राजील की मॉडल की फोटो दिखाते हुए

### जीत को हार में बदला गया

राहुल ने कहा कि ऑपरेशन सरकार चोरी से हरियाणा में कांग्रेस की भारी बहुमत वाली जीत को हार में बदला गया। राहुल गांधी ने कहा कि हमने क्रॉस चेक किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश की जनता से खुलेआम झूठ बोला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने इसका जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने एग्जिट पोल में जीत का दावा किया, लेकिन 2004 के चुनाव में हम भी एग्जिट पोल में जीत रहे थे, लेकिन हमने तो उसका रोना नहीं रोया। एग्जिट पोल को कभी गाली नहीं दी। जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं (

चुनाव आयोग ने पूछा कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध?

### राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें

1. हरियाणा की मतदाता सूची में 25 लाख फर्जी एंट्री थीं। भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर इन फर्जी एंट्री से बीते साल हरियाणा का जनादेश चुराया।
2. राहुल ने एक महिला की तस्वीर दिखाते हुए बताया कि ये ब्राजीली मॉडल है और इसने सीमा, स्वीटी तो कभी किसी और नाम से 10 बूथों पर 22 बार हरियाणा चुनाव में वोट दिया।

### चुनाव आयोग ने ऐसे दिया जवाब

## हरियाणा में वोट हेरफेर का दावा बेबुनियाद



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ से हरियाणा में कथित वोट हेरफेर के आरोपों को चुनाव आयोग के एक सूत्र ने बेबुनियाद करार दिया है। नराज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। अगर कई नामों के दोहराव से बचना था, तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? राजनीतिक दल मतदान प्रक्रिया की निगरानी और संभावित अनियमितताओं की पहचान के लिए बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी नियुक्त करते हैं।

राहुल के आरोपों पर भाजपा का तीखा पलटवार

## बिहार में 'मतदान' है और ये हरियाणा की कहानी सुना रहे




चुनाव के दौरान राहुल गांधी विदेश घूमने चले जाते हैं तो जीतेंगे कहां से?

बिहार में चुनाव प्रचार चल रहा है तो वे कोलंबिया चले गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के दौरान राहुल गांधी विदेश घूमने चले जाते हैं तो जीतेंगे कहां से। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पिछले संसद सत्र में राहुल गांधी एक महिला की तस्वीर टीशर्ट पर छपवाकर घूमते रहे। उस महिला ने ही कांग्रेस पार्टी को डांटा।

## खबर संक्षेप

### जिम में कसरत कर लौटे युवक की हार्ट अटैक से मौत

इंदौर। सुखलिया में रहने वाले संदीप सोनगरा की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई। 32 वर्षीय संदीप जिम में कसरत कर लौटा था। अचानक तबीयत खराब हुई और अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार संदीप खातीपुरा में पान और अंडे की दुकान थी। मंगलवार रात करीब 9 बजे उसने अंडा फ्राय कर खाया और कुछ देर बाद तबीयत खराब होने लगी।



### चाकू की नोंक पर पीटा और तलवे चटवाए

सीधी। ग्राम नकझर खुर्द का रहने वाला 26 वर्षीय युवक सुधीर पांडे इन दिनों रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सूरत (गुजरात) में काम करने के दौरान एक व्यक्ति भोला भाई ने सुधीर को चाकू की नोंक पर धमकाया, मारपीट की, तलवे चटवाए और वीडियो बनाया। यह वीडियो वायरल मिला। इसके तुरंत बाद से उसका मोबाइल फोन बंद है और उससे संपर्क नहीं कर पा रहा है।



## सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील खजुराहो पहुंचे

# जवारी मंदिर में की पूजा, कहा-मूर्ति में जब तक सिर नहीं लगेगा, माला नहीं चढ़ाऊंगा

एएसआई के अधिकारियों ने कहा यहां पूजा-अर्चना करना सख्ती से वर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर ने बुधवार को समर्थकों के साथ मिलकर खजुराहो के जवारी मंदिर में पूजा की। इस दौरान पंडितों में कोई भी मंदिर खंडित नहीं होता कहकर मूर्ति को माला पहना दी। हालांकि, राकेश किशोर ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि जब तक मूर्ति में सिर नहीं लग जाता, तब तक वह माला नहीं चढ़ाएंगे।



वकील के साथ उनके समर्थक

### नियम का उल्लंघन किया, एक्शन होगा

इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारी दीक्षांत चावरे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि वे मंदिर की सीढ़ियों से हट जाएं, ताकि दर्शन करने आए पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें, क्योंकि एएसआई का काम केवल मंदिरों और स्मारकों की देखरेख करना है।


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरस्त किया बिजली कंपनी का विवादित सर्कुलर

सीएम बोले-किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

# हटाए गए बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक एके जैन, चौबे को प्रभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बुधवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का वे सर्कुलर निरस्त कर दिए गए, जिसमें किसानों को 10 घंटे से ज्यादा बिजली आपूर्ति हो जाने की स्थिति में कंपनी के अमले का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके साथ सर्कुलर जारी करने वाली



कंपनी के मुख्य महाप्रबंध एके जैन को पद से भी हटा दिया गया है। कंपनी के उपमहाप्रबंधक आरपी चौबे को जैन के स्थान पर मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है।

### सर्कुलर को लेकर पैदा हुई गलतफहमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्कुलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, इसलिए विवादित सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ विवादित सर्कुलर मामले से जुड़े अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दूसरी तरफ कंपनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि 31 अगस्त और 3 नवंबर को कृषि फीडरों पर निर्धारित अवधि से अधिक विद्युत प्रदाय किए जाने पर आर्थिक दंड की वसूली किए जाने संबंधी जारी परिपत्र से भ्रम की स्थिति पैदा होने के कारण इन दोनों परिपत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

## शाहबानो केस से प्रेरित फिल्म 'हक' पर रोक लगाने की मांग

# बेटी ने कहा-बिना अनुमति के बनी फिल्म में अपमानजनक डॉयलॉग्स दिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

फिल्म 'हक' 7 नवंबर को रिलीज होना है इससे पहले इसका टीजर आते ही बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी और एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म विवादों का सामना करना पड़ रहा है। इस फिल्म की कहानी 1985 के शाह बानो केस से प्रेरित है। हाल ही में शाह बानो की बेटी सिद्दीकी बेगम खान ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की और फिल्म की रिलीज रोकने की मांग की।



मप्र हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित

निर्माता बोले- कोर्ट जाने की क्या जरूरत थी?

मंगलवार को उनकी याचिका पर कोर्ट में सुनवाई हुई। शाह बानो की बेटी का कहना है कि फिल्म में उनकी मां की पहचान का इस्तेमाल बिना अनुमति के हुआ है। साथ ही टीजर और ट्रेलर में जो डायलॉग्स दिखाए गए हैं वो अपमानजनक हैं। इस पर प्रोडक्शन कंपनी का पक्ष ये है कि उनकी फिल्म ड्रैमेटाइज्ड और फिक्शनलाइज़्ड अडैप्टेशन है। यानी इसमें कलात्मक आजादी का प्रयोग हुआ है। फिल्म कोई बायोपिक नहीं है।

## पीएम नरेंद्र मोदी से मिली भारत की महिला क्रिकेट की वर्ल्ड चैंपियन टीम

भारतीय टीम की ये खिलाड़ी ढोल-बाजों की थाप पर झूमीं

# प्रधानमंत्री के आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर जश्न, व्हीलचेयर पर पहुंची प्रतिका रावल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बुधवार को महिला विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम ने मुलाकात की। यह मुलाकात नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से इस मुलाकात के लिए दो दिन पहले ही औपचारिक निमंत्रण मिला था। यह ऐतिहासिक जीत रविवार को नवी मुंबई में हुई, जहां हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।



वर्ल्ड चैंपियंस का ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ स्वागत

प्रधानमंत्री के साथ मीटिंग के लिए टीम इंडिया नई दिल्ली पहुंची तो यहां ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। प्लेयर्स पर फूल भी बरसाए गए और टीका लगाकर माला भी पहनाई गईं। भारतीय टीम के खिलाड़ी ढोल-बाजों की आवाज पर झूम उठे।

### टीम की तस्वीरें आईं सामने

विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम के प्रधानमंत्री के आवास पर पहुंचने की तस्वीरें भी सामने आईं। टीम जब अपने होटल से प्रधानमंत्री के आवास के लिए रवाना हुई तब भी उनकी तस्वीरें ली गईं। खिलाड़ियों ने औपचारिक पोशाक पहनी हुई थी। यह मुलाकात भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो देश भर की युवा लड़कियों को प्रेरित करेगा।






# पहले चरण का थम गया शोर, पक्ष-विपक्ष ने दूसरे चरण के लिए लगाया जोर

# नड्डा ने किया वादों- सुविधा व उपहारों का बखान तो सहयोगियों ने महागठबंधन के परिवारवाद और जंगलराज की दिलाई याद

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के मधुबन विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया.। इस दौरानकहा मैं माताओं-बहनों से पूछना चाहता हूं कि आपको नीतीश जी का 10-10 हजार रुपए मिला की नहीं मिला और मेरी बात याद करके रखिएगा, चुनाव के बाद नीतीश कुमार जी का 75 लाख बहनों को 2-2 लाख रुपए स्वरोजगार के लिए पहुंच जाएगा। किसानों को लेकर जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6 हजार रुपए मोदी जी दे रहे हैं और अब किसानों को इसमें 3 हजार रुपए और जोड़कर 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। नड्डा ने मधुबन में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज मैं आपका जो उत्साह देख रहा हूं, जो उमंग देख रहा हूं, वह मुझे पूरा विश्वास दिला रहा है कि आपने 11 तारीख को एनडीए को चुनाव जिताने का मन बना लिया है।

## आरजेडी पर निशाना- लालटेन बनाम एलईडी युग


कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों से मिले भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा।

यह चुनाव सिर्फ मधुबनी के विकास का नहीं है, यह बिहार में स्थिरता लाने और बिहार को विकास की पटरी पर तीव्रता से अग्रसर करने का है। अगर लालटेन युग से आपको छुटकारा मिला है और एलईडी युग में प्रवेश किया है, तो यह नीतीश कुमार की मेहनत और मोदी जी के आशीर्वाद का परिणाम है। आरजेडी पर वार करते नड्डा ने कहा कि एक समय था, जब बिहार में जंगलराज था। दिन में सिर्फ दो-दो घंटे बिजली आती थी, और मोबाइल चार्ज करवाने के लिए जनरेटर वालों के पास जाना पड़ता था, जहां 10–12 रुपयए देकर मोबाइल चार्ज करवाना पड़ता था।

## बिहार में भाजपा के लिए सुनामी का माहौलः हिमंता




असम के सीएम हिमंता बिसवा सरमा ने कहा कि बिहार में भाजपा और जनता दल के लिए सुनामी है। एनडीए सत्ता में आ रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश का दुश्मन है.। न्यायतंत्र, आर्मी को कमजोर करो, जनता के बीच में झगड़ा लगाओ. ये जो 10 प्रतिशत वाली बात है ये देशद्रोह वाली बात है। जो लोग देश के लिए शहीद हुए उनका अपमान होता है।

नगर निगम सख्त

## ठाणे स्थित बंगले के अवैध निर्माण को हटाने भेजा नोटिस

वोटिंग से पहले खेसारी की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अभिनेता को मुंबई के ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम से नोटिस जारी हुआ है। यह उनके मीरा रोड स्थित बंगले में अवैध निर्माण को लेकर है।



छपरा से आरजेडी उम्मीदवार भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम ने मीरा रोड स्थित एक बंगले में अवैध निर्माण को तोड़ने का नोटिस जारी किया है। ऐसे में क्या अभिनेता बिहार में चुनाव के बीच मुंबई लौटेंगे?मीरा भायंदर महानगर पालिका ने एक्टर को नोटिस भेजकर अवैध निर्माण तोड़कर हटाने को कहा है।

तेजस्वी ने वादों की लगाई झड़ी

## भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की



महागठबंधन के सीएम प्रत्याशी तेजस्वी यादव पूर्वी चंपारण में प्रचार कर रहे हैं। तेजस्वी पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर पहुंचे। उन्होंने राजद प्रत्याशी को जिताने की अपील की। तेजस्वी ने कहा भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की है। तेजस्वी दवाई, कमाई, सिंचाई, पढ़ाई पर काम करने वाला है। सरकार बनते ही हम हर घर के युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे।. तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार रिमोट से बिहार में सरकार चलाना चाहती है, जो सही नहीं है। हमारे चाचा जी अचेत अवस्था में हैं लेकिन, हमको उनकी चिंता है हर वादे को पूरा करने का काम किया जाएगा।

## प्रियंका ने मुफ्त इलाज का किया वादा



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। पश्चिम चंपारण में प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी न किसी बात का "अपमान" ढूंढ लेते हैं, इसलिए उन्हें "अपमान मंत्रालय" खोल लेना चाहिए। हम 25 लाख तक मुफ्त इलाज करवाएंगे।

## सम्राट के समर्थन में बैठे बसपा प्रत्याशी



तारापुर में मतदान से एक दिन पूर्व बसपा प्रत्याशी आशीष आनंद ने भाजपा प्रत्याशी सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पक्ष में समर्थन देने की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने प्रेस वार्ता कर की। इसमें प्रदेश युवा भाजपा के उपाध्यक्ष सह तारापुर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रमुख व अन्य मौजूद थे।

## पीके को बड़ा झटका, प्रत्याशी भाजपा में



मुंगेर क्षेत्र की राजनीति में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला।निजी होटल में कार्यक्रम के दौरान जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय और एनडीए

## कुछ बूथों पर बदला वोटिंग का समय



चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग से पहले चुनाव आयोग ने सहरसा ,मुंगेर और जमालपुर क्षेत्रों के सभी बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग कराने का निर्णय लिया है। सूर्यगढ़ में भी वोटिंग शाम के 5 बजे तक होगी।

## तेज प्रतापः जयचंदवा भी बैठा है...



तेज प्रताप यादव और छोटे भाई तेजस्वी यादव एक-दूसरे की विधानसभा सीटों पर विरोध में प्रचार कर चुके हैं। तेजप्रताप ने तेजस्वी के खास सहयोगी संजय यादव को भरे मंचों से कई बार 'जयचंद' कहकर संबोधित किया।

## आरजेडी के मेहता एनडीए में शामिल



राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने कई वर्षों का पुराना नाता तोड़ते हुए अब एनडीए का दामन थाम लिया है। एनडीए कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान वे एनडीए में शामिल हो गए।

किशनगंज में सीएम नीतीश का तंज

## लालू यादव ने सिर्फ अपने परिवार को बढ़ावा दिया

किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ठाकुरगंज में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी गोपाल अग्रवाल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने जीवनभर सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया और अब अपने बेटे-बेटियों को ही बढ़ावा दे रहे हैं। नीतीश ने दावा किया कि 2005 से पहले बिहार में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था।



योगी ने बताया कांग्रेस आरजेडी का कारनामा

## सपा माफिया के सहारे टिकी चेले ने चार किले बना लिए

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गया में कहा कि कि कांग्रेस और आरजेडी का यूपी में एक साथी है। समाजवादी पार्टी (सपा)। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में सपा सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर चार किले जैसे मकान बना लिए। जब हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा कि फिर बुलडोजर की सफाई हो जाए न। उसी जमीन पर गरीबों के घर बनाने के लिए ऊंची इमारतें बना दी गईं।



फिर बुलडोजर की कार्रवाई हो ना

गया में रैली संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस-आरजेडी का यूपी में एक पार्टनर है। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में एसपी सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर किले जैसे चार घर बना लिए थे। हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा, फिर बुलडोजर कार्रवाई हो ना।

ललन बोलेः पूरा वीडियो तो सुनते

## आरजेडी का एक दबंग नेता गरीबों को बूथ पर नहीं जाने देता...

केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एक चुनावी रैली के दौरान उनकी कथित टिप्पणी को लेकरकड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिंह ने कहा कि यह वीडियो का सिर्फ एक हिस्सा है, यह पूरा वीडियो नहीं है। सिंह ने कहा कि जिस गांव का यह वीडियो सामने आया है, वहां एक आरजेडी नेता रहता है। वह लोगों को धमकाता है और उन्हें बूथ पर न जाने के लिए डराता है। मैंने कहा कि अगर नेता गरीबों को धमकाते और डराते हैं, तो गांव के लोगों को उन्हें घेरकर बंद कर देना चाहिए। अगर वे (ऐसे नेता) वोट देने जाना चाहते हैं, तो उन्हें मतदान केंद्र ले जाएं।



खबर संक्षेप

### अभिनेता विजय बने टीवीके के सीएम प्रत्याशी

**चेन्नई।** तमिल फिल्म अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के प्रमुख थलपति विजय को पार्टी ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। उन्हें गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार भी दिया गया है।



### महायुति में एकजुटता गठबंधन जारी रहेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। अगर पूर्व-चुनाव गठबंधन नहीं भी बन पाया, तो चुनाव के बाद महायुति जरूर साथ आएगी। कोल्हापुर में फडणवीस ने कहा कि हम पूरी तरह तैयार हैं।



### सलमान को कंज्यूमर कोर्ट ने भेजा समन

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान पान मसाला विज्ञापन को लेकर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। भाजपा नेता और राजस्थान हाईकोर्ट वकील इंदर मोहन सिंह ने अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उन्होंने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का समर्थन किया, जो उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहा है।



### कानपुर में ई-ऑटो नाले में गिरा, 2 की मौत

**कानपुर।** यहां के कल्याणपुर इलाके में बुधवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक ई-ऑटो के पलटकर खुले नाले में गिर जाने से 2लोगों की मौत हो गई और महिलाओं तथा बच्चों समेत 11 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना बिठूर रोड स्थित नवशील धाम पुलिस चौकी के पास सुबह करीब 5 बजे हुई।



## 10 फीसदी आबादी का सेना में कंट्रोल, राहुल पर बरसे रक्षामंत्री राजनाथ

# रक्षाबलों में आरक्षण की मांग कर अराजकता फैला रहे राहुल, सेना को राजनीति में न लाएं

एजेंसी ▶▶ जमुई

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय सेना में देश की 10 फीसदी आबादी का कंट्रोल है। बिहार के जमुई में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह (राहुल गांधी) रक्षाबलों में आरक्षण की मांग करके देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में न घसीटें। अब राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। यह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। हमारी सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया।

## देश की सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर

### सेना का प्रमुख कार्य- सैन्य धर्म


बिहार में रैली के दौरान बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों के लिए केवल एक ही धर्म है, सैन्य धर्म। रक्षा मंत्री ने कहा कि आरक्षण होना चाहिए। हम आरक्षण का समर्थन करते हैं और इसे गरीबों को दिया है, लेकिन जब सेना की बात आती है तो हमारे सैनिक केवल एक ही धर्म, सैन्य धर्म का पालन करते हैं। इसके अलावा कोई दूसरा धर्म नहीं है। सेना में राजनीति न लाएं। जब भी देश पर संकट आया है, हमारे सैनिकों ने अपने साहस और पराक्रम से भारत को गौरवान्वित किया है।

### देश की सेनाएं सब चीजों से ऊपर

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है।


### भारत किसी को उकसाता नहीं

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

### आरजेडी ने लोक-लाज छोड़ दी

राजनाथ सिंह ने आरजेडी पर वार करते हुए कहा कि उसका नारा था आइए न बिहार में ठोक देंगे कट्टा कपार में, लेकिन अब लोग कहते हैं आइए न विकसित बिहार में। भ्रष्टाचार करने में आरजेडीने लोक लाज छोड़ दी लेकिन हम जो कहते हैं वो करते हैं। आज भारत दुनिया के सामने बोलता है, दुनिया के लोग अब भारत की सुनते हैं। सिंह ने दावा किया कि बिहार में दो तिहाई सीटों पर जीत कर एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

एसआईआर का एक पक्ष यह भी



### बलिया में 2.17 लाख मिले डुप्लीकेट मतदाता, सूची से हटाए जाएंगे

**बलिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारी तेजी से चल रही है। जनपद के 940 ग्राम पंचायतों में कुल 25.36 लाख 822 मतदाता हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 17 ब्लाकों में संभावित 2.17 लाख 189 डुप्लीकेट मतदाता चिह्नित किए गए हैं। जांच के बाद इन सभी मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है।बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनका दो अलग-अलग नाम सूची में शामिल है। सूची का अंतिम प्रकाशन होने से पूर्व डुप्लीकेट नाम हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्रदेश से जारी सूची में बलिया में 6.21 लाख 974 मतदाताओं के डुप्लीकेट होने की संभावना व्यक्त की गई है। अब निर्वाचन अधिकारी की ओर से बीएलओ को लगाया गया है। बीएलओ हर गांव में डुप्लीकेट मतदाताओं को चिन्हित कर रहे है। ग्राम पंचायतों में संभावित उम्मीदवारों की नजर परिसीमन पर टिकी हुई है। इस बार 1460 केंद्रों के 3919 बूथों पर मतदान कराने की तैयारी है। चुनाव के लिए पदवार मतपत्र भी एक सप्ताह के अंदर जिले में पहुंच जाएंगे।

मांड्या जमीन अधिग्रहण का मामला

# ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले किसान की मौत

- मंजेगौड़ा की जमीन वन विभाग से सटी हुई है,दोनों पक्षों का स्वामित्व विवादित
- तहसीलदार से भूमि सर्वेक्षण कराने की बार-बार मांग की,कोई कार्रवाई नहीं की


पहले कार्यालय ले गए थे किसान को।

एजेंसी ▶▶ मांड्या

कर्नाटक के मांड्या जिले में जमीन अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने से नाराज एक किसान ने आत्मदाह कर लिया। मूदानहल्ली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय एमडी मंजेगौड़ा ने मंगलवार को जिला आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित कावेरी पार्क में पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और उन्हें मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया। विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### वर्षों से कर रहा था मुआवजे का इंतजार

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मंजेगोड़ा कई वर्षों से अपनी जमीन के अधिग्रहण मुआवजे का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उन्हें न तो मुआवजा मिला और न ही वैकल्पिक जमीन आवंटित की गई। मांड्या पुलिस ने बताया कि अब तक परिवार की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा हमें अभी परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच शुरू की जाएगी। इसने कई तरह के सवालों को जन्म दे दिया है ।

### अफसरों के काटे चक्कर पर नहीं मिला लाभ

बताया जा रहा मंजेगौड़ा की कृषि भूमि वन विभाग की जमीन से सटी हुई है। वन विभाग का दावा है कि विवादित भूमि उनकी है, जबकि मंजेगौड़ा का कहना है कि वह जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। उन्होंने कई बार तहसीलदार से भूमि का सर्वेक्षण कराने की मांग की, ताकि उनके स्वामित्व की पुष्टि हो सके और वे खेती कर सकें, लेकिन उनकी अपीलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को मंजेगौड़ा ने जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या दोहराई, लेकिन वहां भी उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। जब मंगलवार को भी यही रवैया देखने को मिला, तो उन्होंने हताश होकर कार्यालय के बाहर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और मंजेगौड़ा को गंभीर हालत में मंड्या के एमआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया था।

इंडिगो ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

# भीड़भाड़ के कारण इंतजार करें, दिल्ली में उड़ानें थमीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो ने मंगलवार को यात्रा सलाह जारी कर यात्रियों को चेताया कि दिल्ली से उड़ान संचालन वायु यातायात भीड़भाड़ के कारण प्रभावित हो सकता है, जिससे देरी और यात्रियों के लिए लंबा इंतजार हो सकता है।एयरलाइन ने यात्रियों से रीयल-टाइम अपडेट जांचने का आग्रह किया। दिल्ली में वायु यातायात भीड़भाड़ के कारण उड़ान संचालन वर्तमान में प्रभावित है। हम आपकी धैर्य कसराहना करते हैं।


हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो के विमान।

यात्रा आनल कुमार वाधवा न बताया कि उनकी उड़ान एक घंटे दस मिनट की देरी से है और उन्हें हवाई अड्डे जाते संदेश मिला। वह समय पर घर से निकले थे, लेकिन वह बाहर इंतजार करने पर मजबूर हो गए।

सबरीमाला मंदिर के 'सोने के खेल' की जांच और तेज की जाएगी

# चोरी में जो भी होंगे शामिल, सब पकड़े जाएंगे

## केरल हाईकोर्ट ने वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶ सबरीमाला

केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में सोने की परत चढ़ाने में हुई गड़बड़ी की जांच तेज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एसआईटी को वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी है ताकि मंदिर से गायब सोने की असली मात्रा पता चल सके। पूर्व देवस्वम अध्यक्ष एन वासु से भी पूछताछ होगी. केरल हाईकोर्ट ने सबरीमला मंदिर में सोने की परत चढ़ाने के काम में हुई गड़बड़ियों पर बड़ी कार्रवाई की है। कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को वैज्ञानिक जांच की इजाजत दी है ताकि ये पता लगाया जा सके कि असल में मंदिर के सोने का कितना हिस्सा गायब या गबन हुआ है?

### पूर्व बोर्ड अध्यक्ष से होगी पूछताछ


,सबरीमाला मंदर।

एसआईटी अब एन. वासु से पूछताछ करेगी। ज्यादातर सोने की परत चढ़ाने का काम उनके कार्यकाल में हुआ था। भ्रष्टाचार कानून के तहत भी फंस सकते हैं अधिकारी हाई कोर्ट ने एसआईटी को ये भी जांचने को कहा है कि क्या टीडीपी के अधिकारियों को भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत शामिल किया जा सकता है।

### सोने का नहीं मिल रहा हिसाब

कहा जा रहा जितना सोना इस्तेमाल हुआ, उसका हिसाब रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रहा, जिससे बड़े पैमाने पर गबन का शक गहरा गया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि जांच सिर्फ ठेकेदार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जिस-जिस ने इस सोने की चोरी में सीधे या परोक्ष रूप से हिस्सा लिया, जांच उन सब तक पहुंचनी चाहिए।

### नए लगाए गए श्रीकोविल के दरवाजे की भी जांच होगी

एसआईटी अब अलग-अलग जगहों से सोने के सैंपल जुटाएगी और जांच करेगी कि मंदिर की मरम्मत और सजावट के दौरान कितना सोना 'खो गया' या 'गायब' कर दिया गया। कोर्ट ने ये भी मंजूरी दी है कि नए लगाए गए श्रीकोविल के दरवाजे की भी जांच की जाए, क्योंकि शक है कि उसे बदलने के दौरान भी बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ। ये आदेश तब आया जब एसआईटी ने हाई कोर्ट में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि ठेकेदार उन्नीकृष्णन पोट्टी पर गंभीर आरोप लगे हैं, जिन्हें त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के अधिकारियों ने जरूरत से ज्यादा छूट दे दी थी।




## बिहार में पहला चरण 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान आज

# तेजस्वी, सम्राट, खेसारी, तेजप्रताप समेत कई दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला, करीब एक दर्जन मंत्री मैदान में

| | |
|---|---|
| मतदाता | 3.75 करोड़ |
| मतदान केंद्र | 45,341 |
| उम्मीदवार | 1,314 |

**ईवीएम में कैद होगा प्रत्याशियों का भविष्य**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज गुरुवार को मतदान होगा। इस चरण में 3.75 करोड़ मतदाता 1,314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें प्रमुख मुकाबला इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और भाजपा के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे दिग्गज नेताओं के बीच देखने को मिलेगा।




मतदानकर्मी चुनाव सामग्री के साथ मतदान स्थल के लिए रवाना हुए, सुरक्षाकर्मी राइफल के साथ

### मोकामा की सीट भी सबसे चर्चित

पहले चरण में बिहार सरकार के कई मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से लगातार चौथी बार जीत की कोशिश में हैं, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के अमरेश कुमार और जन सुराज पार्टी के सूरज कुमार से है। वहीं, सम्राट चौधरी करीब एक दशक बाद तारापुर से प्रत्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं। आरजेडी के अरुण कुमार साह उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछली बार केवल पांच हजार वोटों के अंतर से हार झेली थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे सीवान सीट से मैदान में हैं, जहां उनका मुकाबला आरजेडी के दिग्गज अवध बिहारी चौधरी से है, जो कई बार के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। रघुनाथपुर सीट भी सुर्खियों में है, जहां दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब मैदान में हैं। एनडीए ने उनके नामांकन को जंगलराज की वापसी करार दिया है। भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने तो यहां तक कहा कि ओसामा नाम सुनकर लोगों को ओसामा बिन लादेन की याद आती है। सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक मोकामा की सीट है, जहां जेल में बंद जदयू विधायक अनंत सिंह का मुकाबला आरजेडी की वीणा देवी से है, जो बाहुबली सूरजभान की पत्नी हैं।


तेजस्वी यादव


सम्राट चौधरी


तेजप्रताप यादव


विजय कुमार सिन्हा


खेसारी लाल यादव


मैथिली ठाकुर

## खबर संक्षेप

### चरित्र शंका कर पत्नी की ब्लेड से काटी नाक

**झाबुआ।** रानापुर पाड़लवा में पत्नी के चरित्र पर शंका के चलते पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। पति ने शराब के नशे में पहले उसे डंडे से पीटा, फिर ब्लेड से पत्नी पर हमला करते हुए उसकी नाक काट दी। घटना के बाद पति ही उसे अस्पताल लेकर पहुंचा और भर्ती कराया। दोनों हाल ही में गुजरात से वापस लौटे थे। आरोपी पति राकेश और उसकी पत्नी गीता गुजरात के संतरामपुर में मजदूरी करते थे।



### बांग्लादेश कप्तान निगार करती हैं पिटाई

**ढाका।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम में एक बड़ा विवाद सामने आया है। टीम की गेंदबाज जहानारा आलम ने अपनी कप्तान निगार सुल्ताना जोती पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ मारपीट करती हैं। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इन आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताया है। जहानारा ने दिए इंटरव्यू में कई चौंकाने वाले दावे किए।



### सब्जी वाले ने जीती 11 करोड़ की लॉटरी

**जयपुर।** सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति ने पंजाब स्टेट लॉटरी दिवाली बंपर 2025 में 11 करोड़ रुपए का ईनाम जीता है। वह ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। उसके पास लॉटरी का टिकट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे। वह मूल रूप से राजस्थान के कोटपुतली शहर का रहने वाला है। पिछले दिनों वह पंजाब के मोगा शहर का भ्रमण किया था। वहां उन्होंने अपने मित्र से ही 1,000 रुपए का कर्ज में लिया था।



**एसआईआर 2.0** मप्र में एक महीने तक रुके रहेंगे राजस्व के कार्य, एसआईआर ही होगा

# दो दिन में 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं होने वाले सैकड़ों मतदाता मिले

*मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने आम लोगों से अपनी जानकारी बीएलओ को देने के साथ ही सहयोग की अपील की है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सभी 55 जिलों में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। इस प्रक्रिया के शुरू होने के महज दो दिन में ही जिला कलेक्टरों ने लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। भोपाल व रतलाम में दो कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया। कर्मचारियों को सख्त निर्देश है कि वे संजीदगी के साथ एसआईआर पूरी कराएं।

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने आम लोगों से अपनी जानकारी बीएलओ को देने के साथ ही सहयोग की अपील की है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2003 के बाद पहली बार मतदाता सूची का डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। वर्ष 2003 के बाद मप्र में करीब 35 से 40 फीसदी मतदाता बढ़े हैं। इसमें से ज्यादातर 21 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता हैं, जबकि बहुतायत संख्या में दूसरे राज्यों या प्रदेश के अन्य जिलों यानी एक जिले से दूसरे जिले में पहुंचे हैं, अब ऐसे मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची के रिकॉर्ड देने होंगे। बीएलओ को ऐसे सैंकड़ों मतदाता मिले, जिनके पास 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं है। उनके पास कोई रिकॉर्ड भी मौजूद नहीं है। ऐसे मतदाताओं से कहा गया है कि वे निर्धारित समय में अपनी डिटेल जानकारी मुहैया कराएं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।

**लापरवाही बरतने पर भोपाल व रतलाम में दो कर्मचारी निलंबित**



झाबुआ में बीएलओ एक सेंटर पर एसआईआर की प्रक्रिया में जुटे दिखे

***2003 के बाद पहली बार मतदाता सूची का डोर-टू-डोर सर्वे***

***2003 के बाद मप्र में करीब 35 से 40 फीसदी मतदाता बढ़े***

### बीएलओ को ईपिक नंबर देना होगा

जिन लोगों के नाम 2003 की लिस्ट में नहीं हैं, और वर्तमान लिस्ट में हैं, उन्हें बताना होगा कि परिवार में किसका नाम 2003 की लिस्ट में था। यदि प्रदेश या देश के किसी जिले में उनका या परिवार का नाम है तो बीएलओ को ईपिक नंबर देना होगा। इसके वेरीफिकेशन के बाद ही मतदाता सूची में नाम जोड़े जाएंगे। इससे पहले बीएलओ फॉर्म में दी गई जानकारी के आधार पर इसका वेरीफिकेशन करेंगे। दरअसल, बीएलओ मतदाताओं को एक गणना पत्रक देंगे।

### दुबे व राणावत निलंबित किए गए

एसआईआर में लापरवाही बरतने पर पहली कार्रवाई राजधानी भोपाल में ही की गई है। गोविंदपुरा विधानसभा के बूथ क्रमांक-150 के बीएलओ प्रशांत दुबे को निलंबित किया गया। इसी तरह रतलाम में पहले ही दिन लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह ने सैलाना विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक-54 के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) लोकेंद्र सिंह राणावत को निलंबित कर दिया। कुछ अन्य जिलों में भी लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मप्र के संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी आरपीएस जादौन ने बताया कि बिना भेदभाव के एसआईआर कराने के सख्त निर्देश कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

### अकेले भोपाल में 2029 बीएलओ और 250 सुपरवाइजर तैनात

मतदाताओं के विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में कुल 2029 बीएलओ और 250 सुपरवाइजर को जिम्मा सौंपा गया है। प्रत्येक बीएलओ को किसी घर में 3 बार जाना होगा। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को दो प्रति में 'गणना पत्रक देंगे। यह एक मतदाता के पास रहेगी और दूसरी बीएलओ के पास। इस कार्य में एसडीएम व तहसीलदारों को भी लगाया गया है। जबकि समूचे मप्र में एसआईआर कार्य में करीब डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारियो-अधिकारियों को तैनात किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में मतदाताओं से अपील की है। झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग करें।

**खंडवा में** प्यार के लिए बदला धर्म!

# रुखसार ने वंशिका बन रचाई शादी, हिंदू युवक के साथ लिए 'सात फेरे'

***बोली- सनातन धर्म का करती हूं सम्मान, बचपन से बिंदी लगाती हूं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

धार जिले के रहने वाली युवती रुखसार ने अपने प्रेमी विशाल को पाने के लिए न सिर्फ धर्म की सीमाएं लांघी बल्कि धर्म परिवर्तन भी करवाकर वंशिका बन गई। धार की रहने वाली रुखसार का 27 नवंबर को निकाह होने वाला था। लेकिन अपने प्यार के लिए रुखसार ने जीवन का एक अहम और बड़ा फैसला ले लिया। रुखसार और विशाल ने खंडवा के मशहूर महादेवगढ़ मंदिर शादी की।



नवदंपती को विशेष आशीर्वाद

### मंदिर कमेटी ने भेंट की रामायण

महादेवगढ़ मंदिर कमेटी की ओर से नवदंपती को विशेष आशीर्वाद दिया। स्थानीय लोगों ने कन्यादान किया और मंदिर कमेटी की तरफ से दूल्हा-दुल्हन को रामायण ग्रंथ भेंट की गई। वंशिका ने भावुक होकर कहा कि रामायण में श्रीराम को आदर्श पति के रूप में बताया गया है।

**मिर्जापुर:** चुनार स्टेशन पर बड़ा हादसा

# भीड़ के चलते दूसरी तरफ ट्रैक पर उतरीं 6 महिलाएं ट्रेन से कटीं

***शव के टुकड़े 50 मीटर तक बिखरे, गंगा स्नान करने जा रही थीं***

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर



घटना का जायजा लेती पुलिस

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 6 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दो सगी बहनें हैं। हादसा सुबह 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन पर हुआ। चोपन से पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर- 3 पर पहुंची थी। भीड़ अधिक होने की वजह से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म पर न उतरकर दूसरी तरफ ट्रैक पर उतर गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर कालका एक्सप्रेस आ रही थी।

**स्वास्थ्य सेवा** योजना का उपयोग करना जरूरी

# सीजीएचएचएस में मिलेगा 10 लाख का मुफ्त इलाज

*सीजीएचएस कार्ड वाले सरकारी पेंशनभोगी भी आते हैं पीएम-जेएवाई के अंतर्गत*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्य और केंद्र सरकार की नौकरियों से रिटायर पेंशनभोगी, चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, आयुष्मान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पूरी तरह से पात्र हैं।

शर्त बस यह है कि उन्हें आयुष्मान योजना या अपनी मौजूदा सरकारी स्वास्थ्य सेवा योजना जैसे सीजीएचएस या ईसीएचएस का उपयोग करना होगा। अन्य परिवारों की तरह, सीजीएचएस लाभार्थी परिवार भी फैमिली फ्लोटर के आधार पर 5 लाख रुपए के स्वास्थ्य कवरेज के पात्र हैं।



फाइल फोटो

**'तानसेन समारोह'** 14 से 19 दिसंबर तक ग्वालियर में

# लय, सुर व ताल की सभाएं सजने की बेला

*ग्वालियर में 101वें तानसेन समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संगीतधानी ग्वालियर के आंगन में देश और दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित संगीत महोत्सव 'तानसेन समारोह' के तहत लय, सुर व ताल की सभाएं सजने की बेला आ गई है।

तानसेन समारोह का 101वां आयोजन पूरी गरिमा व भव्यता के साथ आयोजित करने के उद्देश्य से मंगलवार को संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में स्थानीय



संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में स्थानीय समिति की बैठक

### पं. हरिहरण एवं शंकर महादेवन के नामों का दिया सुझाव

भारतीय संगीत की अनादि परंपरा के श्रेष्ठ कला मनीषी संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि व स्वरांजलि स्वरुप 'तानसेन समारोह' में 14 दिसंबर को इंटक मैदान में 'गमक' के अंतर्गत सदस्यों ने उप शास्त्रीय संगीत के ख्यातिनाम कलाकारों के नाम सुझाव स्वरूप बताए। दुनियाभर में विख्यात मूर्धन्य गायक पं. हरिहरण एवं शंकर महादेवन सहित अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों के नाम समिति के सदस्यों ने सुझाए हैं।

**डिंडोरी में** सड़क हादसा

# ट्रॉले में पीछे से जा घुसे बाइक सवार, 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडौरी

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर कोहानी देवरी के पास एक बाइक आगे चल रहे ट्रॉले में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 14 वर्षीय नाबालिग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

- हादसे के बाद ट्रॉला चालक फरार



दुर्घटना के बाद खड़ा ट्राला

**हवाएं उत्तरी होंगी और सर्दी में तेजी से बढ़त होगी**

**नरसिंहपुर में** बारिश के बाद पारा 5.4 डिग्री गिरा

# आज से बढ़ेगी सर्दी, बारिश होगी पारा 4 से 6 डिग्री तक गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित पश्चिमी मप्र के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार से सर्दी में इजाफा होगा। पूर्वी मप्र में अभी कुछ जगह बारिश होगी। पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान से आगे बढ़कर पंजाब और हरियाणा तक पहुंचा है, जिससे मौसम में फिर बदलाव होगा। बुधवार को पश्चिमी मप्र में रात के पारे में औसतन दो डिग्री तक कमी आई है।

दो दिन में इसमें 4 से 5 डिग्री तक और कमी आने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी की ओर से नमी आने से अभी कुछ में बादल, बौछारें पड़ेंगी, दो दिन बाद सर्दी बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी पंजाब और आसपास सक्रिय है। यह दो दिन में आगे बढ़कर मप्र तक असर करेगा।

### यहां होने लगी पारे में गिरावट


बुधवार को पश्चिमी मप्र के सभी जिलों में रात का पारा गिरा। पूर्वी मप्र के नरसिंहपुर में बारिश के बाद पारा 5.4 डिग्री गिरा। उज्जैन में 3.5, बैतूल, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, रतलाम आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक कमी आई।



# गोल्फ केवल उच्च वर्ग का खेल नहीं: आर्यवीर

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** समाज में गोल्फ को केवल उच्च वर्ग के लोगों का खर्चीला खेल माना जाता है। इस धारणा को गलत बताते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भी उपलब्ध है। सामाजिक भ्रम को दूर करने के लिए फेडरेशन के द्वारा गोल्फ महोत्सव के माध्यम से उन शहरों में भी किया जा रहा है। जहां कभी गोल्फ टूर्नामिंट नहीं हुए।गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर,2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन्न शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है। जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे पर्यावरण संरक्षण,भारतीय उत्पादों के उपयोग का प्रमोशन करने के साथ ही भारतीयों में बढ़ रहे मोटापे की समस्या से बचाव और निदान आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा। देश में अब तक 36 आयोजन हो चुके है। जबलपुर में होने जा रहे इस गोल्फ कुंभ में 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामिंटों में हिस्सा ले चुके है। इनमें से अधिकतर फेडरेशन के बैनर के साथ ग्रीन खेल का प्रमोशन भी कर रहे है।ये प्लेयर जबलपुर में न सिर्फ गोल्फ खेलेंगे बल्कि इस खेल से अधिक से अधिक लोग कैसे जुड़े ये भी प्रयास करेंगे।ये अनुभवी प्लेयर महाकौशल के उदीयमान गोल्फ प्लेयर के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे ।उन्हें इस खेल की बारीकियों ओर इसकी कलात्मकता से भी परिचय कराएंगे।इस महोत्सव का शुभारंभ 8 नवंबर को प्रातः प्रोमो रन से होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी ओबीसीटी का संदेश दिया जाएगा। इसी दिन दूसरा कार्यक्रम पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण द्वारा किया जाएगा।जिसमें ग्रीन खेल को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया जाएगा।गोल्फ क्लिनिक की मीटिंग में यह तय किया जाएगा कि गोल्फ कोर्स का फॉर्मेट क्या होगा,इस सेल्फ गोल्फ टूर्नामिंट में कौन किसके साथ मैच खेलेगा।9 नवंबर को गोल्फ के साथ ही आर्मी बैंड और आर्मी के जवानों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें गोल्फ महोत्सव के सभी उद्धेश्यों को प्रमोट करने के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा भाग लेंगे। श्री आर्य ने बताया कि गोल्फ सेट में कई प्रकार की स्टिक होतीं है, जो गोल की दूरी के हिसाब से उपयोग होती है। जब गेंद घास या मिट्टी में फंस जाती है तो उसे निकालने के लिए पृथक से स्टिक होती है।इस किट की कीमत बीस हजार से लेकर करोड़ों तक होती है। मैच खेलने के लिए टी शर्ट,कैप,स्पोर्ट्स जूते के साथ फॉर्मर पेंट ही पहना जाता है।अन्य परिधान में खेलना मना होता है।



### होल इन वन

जब खिलाड़ी द्वारा एक शॉट में गेंद होल में प्रविष्ट कराई जाती तब इसे होल इन वन मन जाता है। जो पुरुस्कार योग्य होता है।

### टी पार थ्री या फोर या फाइव

हरेक होल के पास लगी प्लेट में टी पार थ्री या फोर या कोई ओर संख्या दर्ज होती है। इसका आशय गेंद को होल में पहुंचने के लिए निर्धारित शॉट से होता है।कम बार में होल में गेंद जाने पर अधिक अंक मिलते है। गोल्फ कोर्स में 18 होल होते है। प्रत्येक खिलाड़ी कम शॉट में गेंद होल में डालने की कोशिश करते है। जब पूरे 18 होल में गेंद डालकर प्रत्येक खिलाड़ी राउंड पूरा कर लेते है तब मैच पूरा होता है।समय की पाबंदी नहीं होती।

चिंतन

# अपने ही देश अमेरिका में फंस गए राष्ट्रपति ट्रंप

बात-बात पर दुनियाभर के देशों को टैरिफ की धौंस दिखाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का हाल बेहाल है। राष्ट्रपति की सनक के चलते सबसे शक्तिशाली देश में 36 दिनों से सरकारी शटडाउन है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। शटडाउन की वजह से 4.2 करोड़ अमेरिकियों की फूड स्टैंप सहायता रुक गई है। अमेरिकी कृषि विभाग के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत है। शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। अब तक करीब 1 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की विकास दर में चौथी तिमाही में एक से दो फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई जा रही है। अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल एक अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि स्वास्थ्य बीमा की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। दोनों दलों के इसी मदभेद के चलते अमेरिका का हाल बेहाल हो रहा है। सबसे ज्यादा बुरा हाल सरकारी कर्मचारियों का है। उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। वे लगातार कर्ज के दलदल में फंस रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने से बाजार में भी मंदी के हालात हैं। खरीददारी ठप होकर रह गई है। इसके चलते उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। ट्रंप की सनक के चलते पहले तो दुनियाभर के देश परेशान थे, अब उनके अपने देश अमेरिका में ही बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अगर हालात यही रहे तो वो दिन दूर नहीं जब ट्रंप की सनक अमेरिका को ले बैठेगी।



प्रबंधन
योगेंद्र माथुर

# भगदड़ से बचने के उपाय आवश्यक

वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में 'मिनी तिरुपति' कहे जाने वाले वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। जैसा कि अब तक होता आया है कि सभी बड़े नेताओं व राजनीतिक दलों ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए संवेदना व्यक्त की है और घटना की जांच करने की बात कही गई है। स्थानीय पुलिस व प्रशासन मंदिर प्रबंधन की गलती बताकर दुर्घटना की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन ने मंदिर के प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था की पूर्व सूचना न देने से सुरक्षा व्यवस्था न हो पाने की बात कही है। मुख्य रूप से दर्शनार्थियों की अनुमान से अधिक भीड़ होने, मंदिर का प्रवेश व निर्गम द्वार एक ही होने व संकरा होने से भीड़ बढ़ने और व्यवस्था के लिए लगे बैरिकेडिंग के गिरने से भगदड़ होना बताया जा रहा है।

यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। हाल के वर्षों में ऐसी बीसियों दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को असमय काल कवलित होना पड़ा है। इसी वर्ष उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित धर्मस्थलों व विभिन्न आयोजनों में ऐसी लगभग एक दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अकेले आंध्रप्रदेश में ही धर्मस्थलों पर भगदड़ की इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि इन दुर्घटनाओं से हमने कोई सबक लिया हो, ऐसा दिखाई नहीं पड़ता।

भारत एक धर्मप्रधान देश है और सात वार, नौ त्यौहार की कहावत यहां प्रचलित है। आए दिन किसी भी धर्म के पर्व व तीज-त्योहारों पर यहां धर्मस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी के साथ कई छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन यथा मेले, कथा, सत्संग व प्रवचन भी यहां प्रायः कहीं न कहीं होते रहते हैं जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। धार्मिक आयोजनों से इतर कई सामाजिक, सांस्कृतिक व संगीत के आयोजनों के साथ राजनीतिक सभा व रैलियां भी इस लोकतांत्रिक देश का अनिवार्य हिस्सा रही हैं जिनमें खासी भीड़ जुटती है। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन व सरकारों के लिए बड़ी चुनौती होती है। आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाए तो ठीक वरना किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर लीपापोती के प्रयास करने में स्थानीय प्रशासन की संपूर्ण मशीनरी पूरे प्राण प्रण से जुट जाती हैं। बड़े नेता व राजनीतिक दल दुर्घटना को दुखद बता कर शोक संवेदना व्यक्त कर देते हैं और सरकारें जांच कमेटी या आयोग का गठन कर अथवा मुआवजे का मरहम लगाकर अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की इतिश्री मान लेती हैं। बाद में समय के साथ ताजा जख्म भरते जाते हैं, रुदन व क्रंदन बंद हो जाता है और दुर्घटना को लगभग भूला दिया जाता है, जब तक कि कोई नई दुर्घटना न हो जाए। लेकिन इन दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता। प्रायः देखा यह जाता है भीड़ की सुरक्षा-व्यवस्था न होने अथवा अपर्याप्त या कुप्रबंध होने से भगदड़ जैसी दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार धर्मस्थलों या आयोजनों से जुड़े प्रबंधन और प्रशासन की घोर



लापरवाही या अनदेखी भी इसके लिए जिम्मेदार होती है। अधिकांशतः बड़े आयोजनों या राजनीतिक रैलियों के दौरान यह देखने में आता है कि आयोजकों का पूरा ध्यान अपनी शक्ति, सामर्थ्य अथवा लोकप्रियता के प्रदर्शन पर रहता है और व्यवस्था व जनसुरक्षा को हाशिए पर धकेल दिया जाता है और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के कोई प्रबंध नहीं किए जाते। अतः ऐसे अवसरों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नियम व कानून के तहत आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन की अनुमति तभी दी जानी चाहिए जब आयोजक सुरक्षा-व्यवस्था की संतोषजनक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। आयोजकों के प्रबंधन कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए। वैसे भारत में भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर कोई ठोस नीति या कार्य योजना का नितांत अभाव सदैव बना रहा है। यही कारण है कि अत्यधिक भीड़ जब-तब भगदड़ या अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं का कारण बनती है। प्रायः अनुमान से अधिक भीड़ होना दुर्घटना का कारण बताया जाता है लेकिन वर्तमान डिजिटल तकनीकी के दौर में संभावित भीड़ का अनुमान लगाना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन की सहायता से बढ़ती भीड़ पर आसानी से नजर रखी जा सकती है। कुंभ मेले जैसे महाआयोजन में शामिल होने और पवित्र नदी में स्नान करने या डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का पूर्वानुमान व सतत निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्थाएं जुटाने का महायज्ञ (अनुपातिक रूप में कुछेक दुर्घटनाओं के अपवाद को छोड़कर) सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है तो इससे छोटे आयोजनों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? हर भीड़ अव्यवस्था या भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं में बदल सकती है, यह मानकर ही किसी भी भीड़ वाले आयोजन के अवसर पर सुरक्षा-व्यवस्था तय की जाना की चाहिए। किसी भी धर्मस्थल या आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना पर प्रोजेक्टर या एलसीडी आदि के माध्यम से उसके सीधे प्रसारण के कई स्थानों पर प्रबंध कर भीड़ को एक ही जगह एकत्र होने से रोका जा सकता है। स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की भी सहायता ली जा सकती है। यदि कोई धर्म स्थल पहाड़ी या अधिक ऊंचाई पर, चारों तरफ अन्य निर्माण से घिरा हुआ, संकरा या अधिक अंधेरे में हो तो वहां भीड़ बढ़ने वाले अवसरों पर समुचित प्रकाश के साथ पर्याप्त हवा के प्रबंध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है ताकि भीड़ बढ़ने पर वहां श्रद्धालुओं को गर्मी, घुटन या घबराहट महसूस न हो। फिसलन भरी जगह या संकरे मार्ग भी दुर्घटना की वजह बनते हैं। अतः इस ओर भी ध्यान रखना चाहिए। प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि धर्म स्थलों या आयोजन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था के तार बेतरतीब तरीके से लगे होते हैं या लटके होते हैं। अत्यधिक भीड़ के अवसरों पर धर्मस्थलों अथवा कथा, प्रवचनों के आयोजन स्थलों पर प्रवेश व निर्गम द्वार की व्यवस्थाएं अलग-अलग की जानीचाहिए। इन स्थानों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम व चिकित्सकों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में कोई दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसी स्थल या आयोजन में जुटने वाली भीड़ की संख्या का पूर्वानुमान या आकलन सदैव सही साबित हो। भीड़ अनुमान से अधिक या अत्यधिक भी हो सकती है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सेहत
डॉ. रेनू यादव



# डीएनए की रक्षा: जीवन और स्वास्थ्य की आधारशिला


हम अक्सर मानते हैं कि हमारे जीवन के सबसे बड़े खतरे बाहर हैं, जैसे सड़क दुर्घटनाएं, संक्रमण या गंभीर बीमारियां। लेकिन लगातार और सबसे गहरा हमला हमारे शरीर के भीतर मौजूद हमारी कोशिकाओं में डीएनए पर होता है। यह हमला अदृश्य है, हमें दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। डीएनए हमारे शरीर की सबसे बुनियादी और आवश्यक संरचना है, जिसे जीवन की "निर्देश पुस्तिका" कहा जा सकता है। इसमें हमारे शरीर की बनावट, रंग-रूप, व्यवहार, मेटाबॉलिज़्म और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारी सुरक्षित रहती है। हर कोशिका के केंद्र में मौजूद डीएनए ही यह तय करता है कि कौन-सी कोशिका क्या काम करेगी और शरीर का कौन-सा हिस्सा कैसे विकसित होगा। यदि डीएनए को नुकसान पहुंचता है, तो शरीर की कोशिकाएं गलत ढंग से काम करने लगती हैं, जिससे कैंसर, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन, हृदय रोग और समय से पहले बुढ़ापा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अधिकांश डीएनए क्षति की मरम्मत शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली स्वयं कर लेती है, किन्तु जब ऐसे आक्रमण निरंतर होते रहते हैं, तो यह तंत्र भी अपनी कार्यक्षमता खोने लगता है। डीएनए को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारक डीएनए पर सबसे बड़ा हमला सूर्य की पराबैंगनी किरणों से होता है। ये किरणें त्वचा की कोशिकाओं में प्रवेश कर उनके आनुवंशिक पदार्थ यानि डीएनए को क्षति पहुंचाती हैं। यदि लंबे समय तक इनसे बचाव न किया जाए, तो यह क्षति त्वचा कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का कारण बन सकती है। इसके अलावा, चिकित्सीय जांचों में प्रयुक्त एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी विकिरणें भी डीएनए को प्रभावित कर सकती हैं। यद्यपि इनका उपयोग चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार ही किया जाता है, परंतु बार-बार इनका संपर्क डीएनए क्षति के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्रदूषित वायु भी डीएनए की एक गंभीर शत्रु है। यही कारण है कि बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी बीमारियां आज विश्वभर में तेजी से बढ़ रही हैं। खानपान का प्रभाव भी कम नहीं है। अत्यधिक तेलयुक्त और प्रसंस्कृत, पैकेटबंद या मिलावटी भोजन शरीर में ऐसे प्रतिक्रियाशील रसायन उत्पन्न करता है जो कोशिकाओं को क्षति पहुंचाकर डीएनए की सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं। लंबे समय तक ऐसा आहार अपनाने से कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ वायरस भी सीधे डीएनए पर आक्रमण करते हैं।

उदाहरण के लिए, एचपीवी, वायरस गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण है, जबकि हेपेटाइटिस बी वायरस लीवर कैंसर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, तनाव और नींद की कमी भी डीएनए के लिए हानिकारक मानी जाती है। तनाव के दौरान बनने वाले हार्मोन कोशिकाओं की मरम्मत क्षमता को घटा देते हैं, वहीं नींद की कमी से शरीर की प्राकृतिक "रिपेयर प्रणाली" सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाती। धूम्रपान और शराब सेवन ऐसे कारक हैं जो डीएनए को सीधे क्षति पहुंचाते हैं, जिससे कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डीएनए की क्षति हृदय रोगों को भी बढ़ावा देती है। दिमाग़ी बीमारियाँ, जैसे अल्ज़ाइमर और पार्किंसन भी इसी से जुड़ी पाई गई हैं। समय से पहले बुढ़ापा, झुर्रियों का आना, बालों का झड़ना और शरीर का कमजोर होना भी डीएनए क्षति के संकेत हो सकते हैं। इसके साथ ही, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने पर बार-बार संक्रमण होने लगता है। हालांकि यह अदृश्य हमला पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सरल और सजग उपायों से इसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डीएनए की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है, संतुलित आहार और स्वच्छ वातावरण। ताज़े फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज और दालें शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स प्रदान करती हैं, जो डीएनए की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय रखते हैं। इसी प्रकार, आंवला, हल्दी, ग्रीन टी, अखरोट, बादाम और बेरीज़ का नियमित सेवन भी कोशिकाओं को सुरक्षा देने में सहायक है।

स्वस्थ जीवनशैली डीएनए की रक्षा में अहम भूमिका निभाती है। विश्वभर में वैज्ञानिक डीएनए की सुरक्षा और उसकी मरम्मत के लिए निरंतर नए उपायों पर कार्य कर रहे हैं। किंतु जब तक ये खोजें आम जीवन का हिस्सा नहीं बनतीं, तब तक हमें स्वयं अपनी जीवनशैली, आदतों और परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारे जीवन की पूरी रूपरेखा हमारे डीएनए में ही दर्ज है। यदि यह सुरक्षित और संतुलित है, तो हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य भी सुदृढ़ और स्वस्थ रहेगा। इसलिए अब समय है कि हम इन अदृश्य हमलों के प्रति जागरूक हों और अपने डीएनए की सुरक्षा को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं क्योंकि सुरक्षित डीएनए ही एक सुरक्षित जीवन की नींव है।

( लेखिका पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सीनियर डेमोंस्ट्रेटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## मतभेद वाले लोगों को सफलता मिलती है कम



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुएं में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## सटाका




## आज की पाती


### युवाओं के सपनों की तस्करी

भारत के अनेक इलाकों में, विशेषकर हरियाणा, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, एक नया और खतरनाक चलन तेज़ी से फैल रहा है-डंकी रूट के ज़रिए विदेश पहुंचने का सपना। यह शब्द डंकी अंग्रेज़ी के शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब है बिना अनुमति या अवैध रास्ते से जाना। सुनने में यह किसी फिल्मी कहानी जैसा लगता है, पर हकीकत इससे कहीं ज़्यादा भयावह है। इस रूट ने न केवल युवाओं के भविष्य को निगल लिया है, बल्कि समाज और प्रशासन के सामने एक गंभीर मानवीय और आर्थिक संकट भी खड़ा कर दिया है। भारत के ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में विदेश जाना अब सिर्फ एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सफलता का प्रतीक बन गया है। ऐसे में यह जाल तेजी से फैल रहा है। *- पवन कुशवाहा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### अंतरिक्ष में चीन के चालक दल फंसे, वापसी टाली गई

चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात दल की बुधवार को निर्धारित वापसी को टाल दिया गया है। ऐसा संदेह है कि अंतरिक्ष यान पर सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव पड़ा है। यह घोषणा 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) ने की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि वापसी में देरी का निर्णय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन के दल को हर छह महीने में बदलता है। शनिवार को शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ-21 दल के साथ कक्षा में कार्यभार हस्तांतरण पूरा किया था और उसका बुधवार को पृथ्वी पर लौटने का कार्यक्रम था। शेनझोउ-20 में वर्तमान अंतरिक्ष दल सवार है। मंगलवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात तीन सदस्यीय दल ने कार्यभार हस्तांतरण समारोह आयोजित किया और औपचारिक रूप से स्टेशन की चाबियां नए दल को सौंप दीं। आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शेनझोउ-20 दल में शामिल चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए ने अपने सभी निर्धारित कार्य पूरे कर लिए हैं और उन्हें बुधवार को उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर लौटना था। हालांकि, अब उनकी वापसी स्थगित कर दी गई है।



## ऑफ बीट

### कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



## ट्रेंड

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए



भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही बातचीत व्यापार, निवेश और नवाचार संबंधों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे साझा संकल्प से हम उत्साहित हैं।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### चुल्लू भर ही काफी



जो देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, प्रभु श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं, उन्हें तालाब भर पानी की जरूरत नहीं है, चुल्लू भर ही काफी है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### राहुल का नाटक



न ईवीएम, न वोट चोरी और न संविधान। कड़वा सच यह है कि विरासत का दांव अब राहुल गांधी के लिए कभी ठीक न होने वाला एक घाव बन चुका है। इसलिए वह अपने को खबरों में बनाए रखने के लिए नाना प्रकार के नाटक करते रहते हैं। लेकिन अब उनका कोई दांव नहीं चलेगा।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## गिरदावरी में नाम नहीं, कैसे मिले किसानों को फसल का दर्जा

# एक जिला एक उत्पाद मटर के हाल...

**संजय साहू**

**हरिभूमि, जबलपुर। एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत जबलपुर जिले को मटर उत्पादक जिला का दर्जा मिला हुआ है। लगभग 46 हजार हेक्टेयर में यहां पर मटर की खेती हो रही है, बावजूद इसके मटर को अभी तक गिरदावरी में नहीं लिया गया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न था कि प्रत्येक जिले का अपना एक उत्पादन होना चाहिए, इसलिए केंद्र सरकार द्वारा एक फसल एक उत्पाद योजना का नाम दिया था, इस योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले को मटर उत्पादक जिला का दर्जा दिया गया था। परंतु जिला प्रशासन की दोषपूर्ण नीति का शिकार हो चुके मटर को अभी तक फसल का दर्जा नहीं मिल पाया है। जिससे किसानों को खासा नुकसान हो रहा है।**

**जिला प्रशासन की दोषपूर्ण नीति का शिकार हो रहा किसान**



गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में नीतिगत निर्णय लेते हुए 6 जनवरी 2021 को जबलपुर जिले में मटर की खेती को एक जिला एक उत्पाद योजना में जोड़ा गया था। प्रदेश सरकार द्वारा मटर खेती का उत्पादन बढ़ाने के लिए मेला भी लगाया गया था। यहां तक कि मटर से क्या-क्या निर्मित होगा इसके लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने की भी बात कही गई थी। परंतु सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मटर की फसल को गिरदावरी में ही घोषित नहीं किया गया, जिससे एक जिला एक उत्पाद की योजना धराशायी होती नजर आ रही है।

### क्या है गिरदावरी

गिरदावरी एक सरकारी रिकॉर्ड है जो भूमि और बोई गई फसलों का विवरण रखता है। इसमें दर्ज किया जाता है कि किस किसान ने, किस जमीन पर, कौन सी फसल कब और कैसे उगाई है, जिसमें खसरा नंबर, सिंचाई की जानकारी और फसल का प्रकार शामिल होता है। यह रिकॉर्ड पटवारी या अन्य राजस्व अधिकारी द्वारा तैयार किया जाता है और यह फसलों के मुआवजे, ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए महत्वपूर्ण है। गिरदावरी को हर मौसम में अपडेट किया जाता है, और यह फसल निरीक्षण का एक हिस्सा है। अब सवाल यह उठता है कि जब गिरदावरी में मटर का नाम ही नहीं तो किसान को कैसे उन योजनाओं का लाभ मिलेगा जो सरकार द्वारा फसलों के लिए चलाई जा रही हैं।

### पूर्व कलेक्टरों ने की थी पहल

मटर को गिरदावरी में शामिल किए जाने को लेकर पूर्व कलेक्टर इलैयाराजा टी ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखा था, यही नहीं राजस्व रिकार्ड में दुरुस्ती करण के लिए भी पत्र लिखा जा चुका है। वहीं तत्कालीन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने भी स्मार्ट सिटी जबलपुर, होटल एसोसिएशन और उद्यानिकी विभाग के सहयोग से मटर फेस्टिवल का आयोजन किया था, इस दौरान होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में मटर व्यंजन परोसे गए थे।

### जबलपुर के मटर की विदेशों में मांग

उल्लेखनीय है कि जबलपुर की जलवायु मटर के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है, क्योंकि यहां पर नर्मदा का जल है जो कि मिनरल वाटर की तरह है, यही कारण है कि पूरे देश के साथ जबलपुर के मटर की मांग जापान, सिंगापुर, और अन्य देशो में है। कहा जा रहा है कि मटर को जीआई टैग में लाने के लिए भी याचिका लग चुकी है। इतना होने के बाद भी मटर को फसल के रूप में नहीं लेना कहीं न कहीं कृषि विभाग, जिला प्रशासन और प्रदेश शासन की दोषपूर्ण नीति को दर्शा रहा है।

### इनका कहना है

हॉं ये बात सही है कि जिले में लगभग 45 हजार हेक्टेयर में मटर की खेती होती है, लेकिन मटर को फसल का दर्जा नहीं मिला है। हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि मटर को गिरदावरी में शामिल किया जाए,जिससे किसानों का भला हो सकेगा।

**सुशील निगम**
**कृषि उप संचालक जबलपुर**

मटर को फसल का दर्जा नहीं दिया जाना कहीं न कहीं सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों की अक्षमताओं का परिचायक है, जबकि मेरे द्वारा जीआई टैग के लिए आवेदन दिया जा चुका है, अगर मटर फसल चक्र में आ जाता है तो किसानों को बड़ा फायदा होगा।

**राघवेंद्र पटेल**
**राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख भाकिसं**

## अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट करने वालें आरोपियों व थानों में लंबित वारंटों को भी गिरफ्तार कर उनके पास से 25 पाव देशी, अंग्रेजी, 27 लीटर कच्ची शराब, 2 चाकू व जुआड़ियों से नगदी 5 हजार 520 रुपए जब्त किए है।कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में वाद विवाद करने वाले 55 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 15 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 10 गैरम्यादी, 37 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 11 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 25 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 27 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 8 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 5 हजार 520 रूपये जप्त किये गये।

### नर्मदे हर के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं ने किया पवित्र यात्रा का शुभारंभ, उमड़ा भक्तों का सैलाब

# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में महाकुंभ सा नज़ारा

**जबलपुर।**

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार की भोर भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम से 468वीं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। अलसुबह चार बजे से ही "नर्मदे हर" के उद्घोष और संकीर्तन की मधुर ध्वनियों से घाट गुंजायमान हो उठा। भक्त छोटे-छोटे समूहों में गीत गाते, भगवा ध्वज लहराते और नर्मदा मैया का जयगान करते हुए परिक्रमा पथ पर निकले। रातभर घाटों और आश्रम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा, जहां भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।





### 1.25 लाख बातियों से हुई नर्मदा महाआरती

परिक्रमा के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया कि इस बार श्रीशैलम तीर्थ क्षेत्र से आई 1.25 लाख बातियों से नर्मदा मैया की भव्य महाआरती संपन्न हुई। परिक्रमा का शुभारंभ भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में संतों, महात्माओं और शहीद परिवारों के सानिध्य में हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर संतों ने डॉ. अग्रवाल को हनुमान जी की गदा भेंट की, जो इस वर्ष की परिक्रमा का प्रतीक बनकर अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### संत समाज और शहीद परिवारों की गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पुष्पानंद गिरी माताजी, जगद्गुरु नरसिंहदेवाचार्य महाराज, दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर राधे चैतन्य महाराज, स्वामी गिरिशानंद महाराज, स्वामी प्रकाशानंद महाराज, स्वामी पुरुषोत्तमानंद महाराज, रोहित दुबे, देवेंद्र त्रिपाठी, संतोष शास्त्री, मैत्री दीदी, पगलानंद महाराज, राम भारती महाराज, सुरेंद्र नाथ महाराज, चंद्रशेखरानंद महाराज, भोला नाथ उदासीन, शिला मुनि उदासीन, कृष्णा निशा तिवारी, हीरा दीदी, केट शर्मा, मनमोहन दुबे तथा अनूप देव महाराज सहित अनेक संतों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### नर्मदे हर की गूंज और आस्था का प्रवाह

भक्तों की टोलियाँ "नर्मदे हर" के जयघोष, भजन-कीर्तन और संकीर्तन के साथ आगे बढ़ती रहीं। परिक्रमा पथ पर दुलदुल घोड़ी, डीजे बैंड और भगवा ध्वजों से सजी शोभायात्रा का दृश्य देखते ही बनता था। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मनोकामना के प्रतीक पत्थर के घर बनाकर नर्मदा मैया से आशीर्वाद की कामना की।

### प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग

पूरे आयोजन में नगर परिषद भेड़ाघाट, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, होमगार्ड, पीडब्ल्यूडी, विद्युत मंडल के साथ एनसीसी एवं एनएसएस के बच्चों ने विशेष सहयोग दिया। सुरक्षा, सफाई, रोशनी और यातायात की व्यवस्थाएँ अनुकरणीय रहीं।

### अमरनाथ जैसी भक्ति भावना, 51 भंडारों का आयोजन

रास्ते में अमरनाथ यात्रा की तर्ज पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे लगाए गए। हरे कृष्णा आश्रम के अलावा नरेंद्र अग्रवाल, उदय भान सिंह, वीरेंद्र पटेल, और गोपाल रेस्टोरेंट सहित अन्य भक्तों द्वारा कुल 51 भंडारों का आयोजन किया गया।

### गोमती चक्र का प्रसाद वितरण

हरे कृष्णा आश्रम में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर शरद अग्रवाल, मनमोहन दुबे, योगेंद्र दुबे, श्याम मनोहर पटेल, मोहित तिवारी, देवेंद्र नेमा, सत्य प्रकाश नामदेव, दुर्गा पटेल, गुड्डू नेता, निर्मल कुर्मी, मनीष पटेल, पवन साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पवित्र परिक्रमा मार्ग और विशेष व्यवस्थाएँ

पंचकोषी परिक्रमा मार्ग पंचवटी, 64 योगिनी, धुआंधार, गोपालपुर होते हुए लम्हेटा घाट तक पहुंचा, जहाँ से श्रद्धालुओं ने नाव द्वारा नर्मदा पार की। आगे शनि मंदिर, डुडुवारा, इमलिया, न्यू भेड़ाघाट मार्ग से होते हुए श्रद्धालु सरस्वती घाट पहुँचे, जहां से नाव द्वारा पुनः नर्मदा पार कर हरे कृष्णा आश्रम लौटे।परिक्रमा समापन के अवसर पर आश्रम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस बार लम्हेटा घाट और सरस्वती घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 30-30 नावें और मोटरबोट की विशेष व्यवस्था की गई।

## मारपीट कर 3 हजार रुपए लूटे, मोबाइल लूटने की कोशिश

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत मदर टेरेसा महाकाली मंदिर के पास एक कपड़ा व्यवसायी को तीन अज्ञात बाईक सवार लड़कों ने रास्ते में रोका और मारपीट कर एक्सिस में तोड़फोड़ कर मोबाईल छीनने का प्रयास किया जिससे मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया।माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मदरटेरेसा जैन मंदिर के पास निवासी 28 वर्षीय रोहित जैन गत रात गंजीपुरा स्थित अपनी कपड़े की दुकान बंद करके घर मदर टेरेसा अपनी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस वाई 9187 से चुंगी तरफ से आ रहा था रात लगभग 10.20 बजे जैसे ही मदर टेरेसा महाकाली मंदिर के पास पहुंचा तभी पीछे से बिना नम्बर की स्पेलेण्डर में तीन नकाबपोश लड़के आये और उसकी गाड़ी के आगे मोटर सायकल लगाकर उसे रोक लिए और तीनों ने उसके साथ मारपीट कर गैस पाईप से मारपीट कर जेब में रखे तीन हजार रूपये छीन लिये, विरोध करने पर तीनों ने उसकी एक्सिस में लात मारकर गाड़ी क्षतिग्रस्त कर उसका मोबाइल छीनने लगे इस दौरान उसका मोबाइल गिर गया जिससे मोबाइल की स्क्रीन खराब हो गयी। मारपीट से उसके पीठ माथे में चोटें आ गयीं है। वहीं तीनों आरोपी चुंगी तरफ भाग गए। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 324(4), 309(6) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सहायक लेखा अधिकारी के खिलाफ रिकवरी आदेश निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जनपद पंचायत जबलपुर में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी साधना अवस्थी के खिलाफ रिकवरी आदेश निरस्त कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने विभाग को याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है।जबलपुर निवासी साधना अवस्थी की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे और अजीत शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 3 अक्टूबर 2025 को याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जवाब के लिए 7 दिन का समय दिया, लेकिन जवाब आने के पहले ही वसूली आदेश जारी कर दिया। विभाग ने वर्ष 1995 एवं वर्ष 2023 में दी गई पदोन्नति और वेतन वृद्धि अमान्य करते हुए 25 लाख रुपए की वसूली ब्याज सहित करने का आदेश पारित किया। दलील दी गई कि सीईओ ने मनमाने ढंग याचिकाकर्ता का पक्ष सुने बिना ही वसूली आदेश पारित किया है।

## शराब पिलाने से मना करने पर कैंची से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत शारदानगर करमेता में शराब पिलाने से मना करने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर कैंची से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदानगर करमेता निवासी 19 वर्षीय आदित्य मिश्रा से गत दिवस मोहित गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता शराब पीने के लिये कहने लगा, उसने मना किया तो मोहित गुप्ता उर्फ पप्पू उससे विवाद किया और घर चला गया। उसके बाद शाम लगभग 6.30 बजे आदित्य मिश्रा अपने साथी पंकज गुप्ता तथा नितिन पटैल के साथ खडे होकर बातचीत कर रहा था तभी पप्पू उर्फ मोहित गुप्ता आया और जान से मारने की नियत से कैंची से गाल कान व गले पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# हरिभूमि/INH चैनल के ब्यूरो चीफ संजय साहू हुए सम्मानित

### -स्व. अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में पत्रकारिता के जज्बे को मिला सम्मान, मंत्री राकेश सिंह बोले संस्कारधानी कभी नहीं भूलेगी अजित वर्मा जी का योगदान

**हरिभूमि, जबलपुर।**

पत्रकारिता आज संघर्ष और साहस का पर्याय बन चुकी है। सच्चे पत्रकार वो हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और समाज के पक्ष में खड़े रहते हैं। ऐसे ही पत्रकारिता के प्रतीक रहे वरिष्ठ पत्रकार स्व. अजित वर्मा जी की स्मृति में बुधवार को होटल समदड़िया, बराट रोड पर मित्रसंघ द्वारा अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरिभूमि/INH चैनल के ब्यूरो चीफ संजय साहू और आशीष शुक्ला को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दोनों पत्रकारों को शॉल, श्रीफल, सम्मान-पत्र और 11 हजार की सम्मान निधि भेंट कर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।





### पत्रकारिता के असली योद्धा थे वर्मा जी- राकेश सिंह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि "शहर हित में विपरीत परिस्थितियों में प्रयासों की पराकाष्ठा करने वाले स्व. अजित वर्मा जी को जबलपुर कभी भुला नहीं पाएगा। उन्होंने नकारात्मक माहौल में भी पत्रकारिता के जरिए समाज को नई दिशा दी। रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान को जन-जन तक पहुँचाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा यह भी वर्मा जी के सपनों को साकार करने का एक प्रयास है।

### वर्मा जी ने सिखाया समाज के कमजोर तबके के साथ खड़ा होना-संजय

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से सम्मानित पत्रकार संजय साहू ने भावुक शब्दों में कहा मैंने जो कुछ सीखा वह अजित वर्मा जी से ही सीखा है। समाज के कमजोर तबके की आवाज़ बनना, अन्याय के खिलाफ खड़ा होना यही उनकी पत्रकारिता की असली शिक्षा थी। आज उनका नाम लेकर सम्मानित होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गौरव है। प्रिंट मीडिया से सम्मानित आशीष शुक्ला ने कहा पिता तुल्य वर्मा जी की प्रेरणा से ही मैं पत्रकार बना। आज उनके नाम का पुरस्कार मिलना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है।धर्म, समाज और संस्कृति के लिए समर्पित रहे वर्मा जी-ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज ने कहा कि स्व. अजित वर्मा जी धर्म और संस्कृति के गहरे जानकार थे। उन्होंने शंकराचार्य स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती जी के अभियानों में सक्रिय योगदान दिया और नर्मदा स्वच्छता के लिए कई अभियान चलाए।

### लेखों के आधार पर विस में पूछे सवाल-विश्नोई

विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि वर्मा जी निर्भीक पत्रकार थे। वे मुझे अखबार दफ्तर में लिखना सिखाते थे, उनके लेखों के आधार पर मैं विधानसभा में प्रश्न पूछता था।

### गंभीर और गरिमामय रहा आयोजन-

कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनय सक्सेना, डॉ. राजेश धीरावाणी, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी सम्पत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यम तिवारी ने किया और स्वागत परितोष वर्मा ने किया। यह समारोह न केवल श्रद्धांजलि था, बल्कि पत्रकारिता के उस साहस को सलाम था जिसने समाज को सच्चाई से जोड़े रखा।

## कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान, ध्यान

# नर्मदा तटों में लगी आस्था व श्रद्धा की डुबकी

हरिभूमि जबलपुर।

कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को नर्मदा तटों पर आस्था और श्रद्धा का संगम उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला जीवनदायिनी माँ नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाकर पुण्य स्नान किया। इसके अलावा दीपदान, पूजन, हवन और भण्डारों का आयोजन भी नर्मदा तटों पर किया गया। बुधवार की सुबह से ही जबलपुर के नर्मदा नदी के पावन तटों गौरीघाट, उमाघाट, जिलहरीघाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट, लम्हेटा घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।

संस्कारधानी जबलपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने बनारस भी गये हुये हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवता भी धरती पर आते हैं क्योंकि इस दिन देव दिवाली का पर्व भी मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है, जबकि नर्मदा स्नान का तो है ही। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा करने से सौ गुना पुण्य लाभ प्राप्त होता है।



### नर्मदा मार्ग पर रहा यातायात का दबाव

नर्मदा तटों पर भारी भीड़भाड़ होने के कारण खासकर गौरीघाट मार्ग पर कल सारे दिन यातायात का दबाव बना रहा। चार पहिया वाहनों को रेतनाका के पास ही रोक दिया गया था, जबकि दुपहिया वाहनों के अवैध स्टेण्ड खुल गये थे, जिन्होंने लाठियों और रस्सियों के बैरियर बनाकर दुपहिया वाहन चालकों को भी रेल्वे लाईन फाटक के पास ही रोक दिया था। घाट के किनारे भीड़ का आलम यह था कि पैर रखने की जगह नहीं थी।

## लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**भेड़ाघाट।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भेड़ाघाट में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा और वार्षिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। मां नर्मदा के पवित्र तटों सरस्वती घाट, पंचवटी घाट, धुआंधार, गोपालपुर और लम्हेटाघाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लाखों भक्तों ने पुण्य सलिला नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने जीवन को पवित्र किया। श्रद्धालु रात्रि से ही नर्मदा तटों पर पहुंचने लगे थे। भोर होते ही घाटों पर "हर-हर नर्मदे" के जयघोष गूंजने लगे। धुआंधार जलप्रपात की मनमोहक छटा देखने के लिए अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। नावों की पर्याप्त व्यवस्था के कारण पंचकोशी परिक्रमा करने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा सरस्वती घाट पर मेला भी सजाया गया, जहां आसपास के लगभग 50 गांवों से आए श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। मेले में धार्मिक वस्तुओं, प्रसाद, खिलौनों और झूले की दुकानों पर भी भारी भीड़ देखी गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस बल लगातार घाटों पर निगरानी बनाए रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने शांति और श्रद्धा के साथ मां रेवा की पूजा-अर्चना की।

## सिद्ध कटाव धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



**मझौली।** कार्तिक माह की पावन पूर्णिमा के अवसर पर मझौली के प्रसिद्ध सिद्ध कटाव धाम में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों ने पवित्र जल में स्नान कर दीपदान किया और मां नर्मदा से सुख-समृद्धि की कामना की। मझौली से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कटाव धाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। स्नान और पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने भंडारे में भाग लिया। पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग इस पवित्र अवसर पर पहुंचे। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय समिति एवं ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।

## राज्यों को एकजुट करने का श्रेय सरदार पटेल को : बरकडे



**सिहोरा।** ग्राम पंचायत कचनारी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के रुप में विधायक संतोष बरकंडे,ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल,संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में मनाया गया। पटेल की प्रतिमा पर सभी ने पुष्प अर्पित किए। विधायक बरकडे ने कहा सरदार पटेल को नव स्वतंत्र राष्ट्र के विविध और अक्सर झगड़ालू राज्यों को एकजुट करने का श्रेय दिया जाता है। जिलाध्यक्ष पटेल ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल एक वकील और राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन से भारतीय स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। 1947 में देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद उन्होंने इसके पहले उप प्रधान मंत्री के रूप में भी कार्य किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, पुष्पराज बघेल, महामंत्री राजेश दाहिया, रुपेश पटेल, मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, पवन गुप्ता, सहसंयोजक अंकित तिवारी, आशुतोष आदि उपस्थित थे।

## भागवत कथा की निकली भव्य कलश यात्रा



**सिहोरा।** बेयर हाऊस के सामने हो रही सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन आचार्य संदीप मिश्रा जी के सानिध्य में 12 नवम्बर तक किया जा रहा है। भागवत कथा की कलश शोभायात्रा हरदौल मंदिर से प्रारम्भ होकर बाबाताल तक निकाली गई। मंगल कलश यात्रा में महिलाएं बालिकाएं कलश लेकर चल रही थी तथा भक्त गण धर्म ध्वजा एंव आयोजक मंडल के सुरेश कुररिया, कुसुम कुररिया, ध्रूव कुररिया भागवत कथा सर पर लेकर चल रहे थे। संदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से भागवत कथा का अर्थ बताते हुए कहा की पवित्र मन से कथा का रसपान करने से जीवन का कल्याण हो जाता है। कथा के पूर्व नरेश कुररिया, कृष्ण कुमार कुररिया, सरोज कुररिया, आरती कुररिया आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ संपन्न

**जबलपुर।** श्री 1008 श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ, जो कि शनिवार 01 नवम्बर से 05 नवंबर तक आयोजित किया गया, परम सानिध्य चर्या शिरोमणि पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महामुनिराज ससंघ के सानिध्य में पांच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का समापन आज रैली के रूप में हुआ।

## मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत सिविक सेंटर चौपाटी में मोबाइल पर बात करते हुए पैदल जा रहे एक युवक का मोबाइल स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाश छीनकर ले गए। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल चौक लार्डगंज निवासी 36 वर्षीय रोहित विश्वकर्मा गत रात लगभग 10.30 बजे खाना खाने के लिए सिविक सेंटर चौपाटी जा रहा था, जैसे ही दवा मार्केट के सामने मेन रोड़ में पहुँचा एवं मोबाइल में बात करते जा रहा था तभी चौरसिया पान तिराहा तरफ से मैरून कलर की स्कूटी में सवार दो अज्ञात लडके तेजी से उसके बाजू से निकले एवं स्कूटी से पीछे बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका मोबाइल रेडमी नोट 12 झपट्टा मारकर चौपाटी सिविक सेंटर तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अवैध उत्खनन पर तहसीलदार ने जब्त की जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्राली



**बरेला।** निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पहाड़ी खेड़ा में शासकीय जमीन पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उक्त शिकायत परतहसीलदार बरेला शशांक दूबे द्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम पहाड़ीखेड़ा में अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए जेसीबी एवं ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त किए। बताया जाता है कि पहाड़ीखेडा चारागाह हेतु सुरक्षित शासकीय भूमि खसरा नंबर 860 रकबा 1.10 हेक्टेयर पर अवैध रूप से जेसीबी के द्वारा उत्खनन किया जाकर ट्रेक्टर ट्रॉली के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था। दोनों वाहनों को मौके पर जब्त किया गया। ट्रेक्टर ट्रॉली को बरेला थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है। खनिज विभाग को सूचित कर प्रकरण तैयार किया जा रहा है जिसे सक्षम न्यायालय में शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक सुधीर सोनी, पटवारी नीरज तिवारी, पंकज तिवारी, अमन चौरसिया आदि शामिल रहे।

### कार्रवाई जारी रहेगी

ग्राम पहाड़ी खेड़ा में अवैध उत्खनन की शिकायत पर ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी जप्त की गई है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई की जाती रहेगी।

शशांक दुबे
तहसीलदार बरेला

## कार्तिक पूर्णिमा पर यादव समाज ने किया छाहुर विसर्जन

**जबलपुर।** यादव समाज का परंपरागत दीपावली अमावस्या से कार्तिक पूर्णिमा तक चलने वाला दीवारी छाहुर का विसर्जन कार्यक्रम नर्मदा तट ग्वारीघाट में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें गधेरी यादव समाज के कलाकार, अहीर नृत्य की टोली एवं विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों द्वारा पटा-बनैठी एवं दिवारी गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम संयोजक रामकुमार यादव बड्डा जिला अध्यक्ष यादव महासभा के द्वारा समस्त समाज के वरिष्ठों एवं उपस्थितजनों द्वारा माता नर्मदा की पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ रामसेवक यादव बड्डे, गिलासीराम यादव, कपूरे यादव, विजय यादव संभाग अध्यक्ष यादव महासभा, डेलन यादव, भद्दी यादव, सीताराम यादव, पूर्व सरपंच बालबोध यादव, रंजन यादव, राकेश यादव, जनपद सदस्य सरमन पहलवान, विनय यादव, मोहन यादव, चंदू यादव, लखन यादव, बबलू यादव, दशरथ यादव, शंकु यादव, मुकेश यादव, अर्जुन यादव, राजेश यादव, विक्की यादव सहित सैकड़ोंजन उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति आवेदन तिथि बढ़ाई गई

**जबलपुर।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, शांति कुंज साउथ सिविल लाइंस द्वारा पोस्ट मेट्रिक में आवेदन करने की अंतिम तिथि को 31.11.2025 से बढ़ाकर 15.11.2025 कर दिया गया है, ताकि भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता (छात्रवृत्ति) योजना का लाभ बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट व लौह मैगनीज क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को अधिकतम संख्या में लाभ मिल सके।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत अनमोल सिटी घाना में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनमोल सिटी घाना निवासी 40 वर्षीय ऋषि यादव फिनिक्स पोल्ट्री फार्म में ड्रायवरी का काम करता था। गत रात लगभग 9.30 बजे ऋषि यादव ने सीढ़ी के रास्ते जीना के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा शासकीय अस्पताल रांझी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर ऋषि यादव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## ताला तोड़कर स्कूल में चोरी की वारदात



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत गुनहरु मोहसाम शासकीय हाई स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एलईडी, इनवर्टर की बेटरी, वाईफाई बाक्स तथा रसोई कक्ष का गैस चूल्हा गैस सिलेण्डर, आटे से भरी स्टील की टंकी चोरी कर ले गए। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रलोक कालोनी महाराजपुर अधारताल निवासी 58 वर्षीय प्राचार्या रमा शर्मा ने सिहोरा थाने में शिकायत की, कि गत शाम भृत्य राजीव सक्सेना स्कूल बंद कर दिया था, जिसकी एक चाबी राजीव के पास और एक चाबी रमा शर्मा के पास रहती है। बुधवार की सुबह लगभग 6.45 बजे स्कूल का चौकीदार मोहसाम निवासी संतोष लोधी ने प्राचार्या रमा को फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर प्राचार्या रमा मौके पर पहुंची तो देखा कि स्कूल के मेन गेट का और कार्यालय एवं रसोई कक्ष का ताला टूटा था। कार्यालय में एलईडी, इनवर्टर की बैटरी, वाईफाई बाक्स तथा रसोई कक्ष का गैस चूल्हा गैस सिलेण्डर, आटे से भरी स्टील की टंकी चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान कीमत लगभग 45 हजार रूपये बताई गई है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम महगवां पीपल के पेड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महगवां निवासी 32 वर्षीय ड्राईवर मनोज सिंह मरावी रोज की तरह गत दिवस भी ड्राइविंग के लिए कुंडम क्रेसर गया था। देर रात लगभग 2 बजे बाईक से मनोज ग्राम महगवां आ रहा था महगवां पीपल के पेड़ के पास मनोज का एक्सीडेंट हो गया जिसे उपचार हेतु कुण्डम अस्पताल लेकर ले गये, जहां उपचार दौरान रात लगभग 1.30 बजे मनोज की मृत्यु हो गयी। मनोज के नाक एवं मुंह में गम्भीर चोटें थीं। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती कुशल चौहान-** शारदा चौक बेदी नगर निवासी श्री योगेंद्र सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती कुशल चौहान (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रभा देवी पांडे-** ग्राम कुरे तेजगढ़ (उप्र)निवासी श्री शीलवंत पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा देवी उर्फ प्रभावती पांडे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र प्रकाश बेन-** लालमाटी शुक्ला होटल ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री पुन्नू लाल बेन के पुत्र श्री चंद्र प्रकाश बेन (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोषी लाल-** पुरानी बस्ती रांझी मानेगांव निवासी श्री संतोषी लाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धीरज चौधरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राम किशन चौधरी के पुत्र श्री धीरज चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रताप सिंह-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री प्रताप सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक बिरहा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अशोक बिरहा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दास-** गौरीघाट पानी की टंकी के पास निवासी श्री भगवान दास (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री राम अवतार चौधरी के पुत्र श्री सुरेश चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील पुरूसवानी-** आस्था नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री सुनील पुरूसवानी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर सिंह लोधी-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री अमर सिंह लोधी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रजनी मालवीय-** अनुमीत एनक्लेव पचपेढ़ी रोड सिविल लाइन निवासी श्री शंकर लाल मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी मालवीय (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल पासी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुन्ना लाल पासी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शुभम अहिरवार-** गली नं. 3 बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री राजाराम अहिरवार के पुत्र श्री शुभम अहिरवार (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती घस्सो बाई सिकलवार-** ब्यौहारबाग घोड़ा अस्पताल के पास निवासी श्री मूलचंद सिकलवार की धर्मपत्नी श्रीमती घस्सो बाई सिकलवार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु कुमार नायडू-** रसल चौक के निकट निवासी श्री विष्णु कुमार नायडू (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्षित कोरी-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री सुभाष कोरी के पुत्र श्री हर्षित कोरी (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला मिश्रा-** अवधपुरी गौरीघाट रोड निवासी श्री श्याम नारायण मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला मिश्रा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खुमान सिंह-** नरसिंह नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री खुमान सिंह (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राधेलाल उबनारे-** झामनदास चौक के पास लालमाटी निवासी श्री राधेलाल उबनारे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार शर्मा-** खजरी खिरिया बायपास पनागर रोड निवासी श्री राजेंद्र कुमार शर्मा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हुकुम-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री हुकुम (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## सीईओ झा ने एसआईआर को लेकर मतदाताओं से की अपील

# जब बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश (सीईओ) संजीव कुमार झा ने प्रदेश के मतदाताओं से स्पेशल इंटेसिव रीविमन (एसआईआर) में सहयोग करने की अपील की है। सीईओ झा ने कहा कि मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस अभियान में बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे।

इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोगकी ओर से सभी मतदाताओं से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें।


सीईओ संजीव कुमार झा

### चैक करें बीएलओ का अधिकृत पहचान पत्र

सीईओ झा ने बताया कि यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। दस्तावेज केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ईआरओ) अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज माँगेगा। बीएलओ आयोग की ओर से अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएंगे, नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।

### अंतिम सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को

घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। लोग 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुंचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

### 1 जनवरी 26 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सदस्य का भी बनवाएं ईपिक

बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। आम लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचें तथा पुष्टि करें। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुा है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ दकी ओर से फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा।

### 16 नपानि के आयुक्तों को बनाया अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

*भोपाल भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। इस संबंध में आयोग की ओर से निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति पदाधिकारी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के अंतर्गत की गई है।*

### चुनिंदा वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने की साजिश: सज्जन



*भोपाल। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने राज्य में संचालित प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह पूरा कार्यक्रम चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से रचा गया एक षड्यंत्र है। इसका उद्धेश्य प्रदेश में दलित, आदिवासी, मजदूर और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटना है। वर्मा ने कहा कि बिना किसी तैयारी और बिना आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराए बीएलओ अधिकारियों को दबाव में काम करने को कहा जा रहा है, जो चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने कहा, हम इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं और मजबूती से खड़े हैं।*

## भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कार्यकर्ताओं को समझाया एसआईआर का महत्व

# सीमावर्ती राज्यों से हो रही घुसपैठ, एजेंट सक्रिय फर्जी मतदाताओं को रोकने एसआईआर जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रत्येक कार्यकर्ता को काम शुरू करने से पहले एसआईआर के संबंध में जानकारी होना जरूरी है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि यह क्यों हो रहा है, कौन कर रहा है, कहां हो रहा है, कैसे होगा और कब होगा। जिस व्यक्ति को मतदाता बनना चाहिए, वह छूट न जाए और जिस व्यक्ति को मतदाता नहीं बनना चाहिए, वह सूची में शामिल न हो जाए। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि सामान्यतः मतदाता नौकरी या रोजगार के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर जाते रहते हैं और उनके नाम एक से अधिक स्थानों की मतदाता सूची में जुड़ जाते हैं। इसके अलावा कई मतदाताओं की मृत्यु हो जाती है। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सीमावर्ती राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ हो रही है और ऐसे अनेक एजेंट सक्रिय हैं, जो पैसे लेकर उन्हें सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं। ऐसे मतदाताओं की पहचान के लिए एसआईआर जरूरी है।

### भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई एसआईआर पर कार्यशाला, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल


शिवप्रकाश

#### पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी जानकारी

कार्यशाला के दौरान प्रदेश मंत्री व अभियान के सह संयोजक रजनीश अग्रवाल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया और करणीय कार्यों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन एसआईआर अभियान के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी ने किया। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, एसआईआर के जिला संयोजक, विधानसभा प्रतिनिधि (बीएलए-1) उपस्थित रहे।

#### 'वन नेशन वन इलेक्शन' आज की आवश्यकता, बचेगा धन-समयःहेमंत



हेमंत खंडेलवाल

लगातार चुनाव होने के कारण देश हमेशा चुनाव में व्यस्त रहता है आचार संहिता लगी रहती है। बार-बार होने वाले चुनावों के कारण देश का बड़ा हिस्सा आचार संहिता में उलझा रहता है, जिससे उत्पादन, निर्माण और शासकीय निर्णय प्रभावित होते हैं। अगर देश हर साल तीन-चार महीने चुनावों में व्यस्त रहेगा, तो विकास कैसे होगा? इसलिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' आज की आवश्यकता है इससे धन और समय दोनों की बचत होगी।

#### मतदाता सूची से हटाए बिहार में 34 लाख नाम

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि बिहार में हुए एसआईआर ने निर्वाचन आयोग के इस उद्धेश्य को प्रमाणित भी कर दिया है, जहां 34 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है और हमारे संविधान में इसके लिए प्रावधान किया गया है। हमें सतर्क होकर काम करना है। पूरी प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग और प्रशासन के साथ समन्वयपूर्वक काम करना है। इसके लिए हम मंडल स्तर पर इकाई गठित करेंगे और एसआईआर से संबंधित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी होगा। चूंकि एसआईआर का काम बूथ स्तर पर होना है, इसलिए इसमें बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

#### कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, एसआईआर का यही मकसद: हेमंत खंडेलवाल


हेमंत खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया देश के 12 राज्यों में शुरू कर दी गई है, जिनमें देश की आधी से अधिक आबादी रहती है। यह प्रक्रिया दो-तीन माह चलेगी। चुनाव आयोग की इस शुद्धिकरण प्रक्रिया में हमें पूर्ण सहयोग करना है, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। यह किसी के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी वैध मतदाता को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को सही और निष्पक्ष बनाना है।

## प्रस्तुत होगा टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन

# इंदौर में 13 नवंबर को आयोजित की जाएगी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव

- तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाएगा कॉन्क्लेव: सीएम


डॉ मोहन यादव, सीएम (फाइल)

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला 'मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जायेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके।

कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे और 75 हजार से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ था।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन करेंगे बैठक

*मुख्यमंत्री डॉ यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम 'पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया' रखी गई है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है। कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जौसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं। यह कॉन्क्लेव नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा। कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।*

## उपराष्ट्रपति ने भारत रत्न भूपेन हजारिका को दी श्रद्धांजलि


भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी मौजूद रहीं।

## नया विद्युत कनेक्शन लेना होगा आसान, बोले मंत्री

# समाधान योजना एवं फ्रिंच बेनिफिट घोषणा पर किया ऊर्जा मंत्री का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना 2025,26 शुरू करने पर बिजली कर्मचारी महासंघ, भारतीय मजदूर संघ द्वारा शासन से लम्बे समय से महासंघ द्वारा की जा रही फ्रिंच बेनिफिट की मांग को पूरा करने पर ऊर्जा मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुलदीप सिंह गुर्जर, महामंत्री भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में बिजली कर्मचारी महासंघ और पीया के पदाधिकारी का प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर अभिनंदन स्वागत एवं आभार जताया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समाधान योजना में पीडीसी (स्थाई रूप से विच्छेद) विद्युत उपभोक्ताओं को भी शामिल कर योजना का लाभ मिलेगा जिसमे बीपीएल उपभोक्ताओ को ज्यादा लाभ के साथ नया विद्युत कनेक्शन लेना आसान होगा। मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा की गई समाधान योजना से बकायादार उपभोक्ताओं को विलंबित बिल भुगतान सरचार्ज राशि में प्रथम बार में एक मुश्त भरने पर भारी छूट मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ बिजली कर्मचारी महासंघ के रामविलास टाले, महामंत्री संदीप त्रिपाठी, शेखर राखडे, देवेंद्र नेवले, पीया के सुबोध सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, अमरनाथ सदाफल क्षेत्रीय सचिव, विनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।


ऊर्जा मंत्री का स्वागत करता प्रतिनिध मंडल।

## अवैध रूप से पदाधिकारियों की नियुक्ति का आरोप

# अजाक्स ने की कर्मचारी के खिलाफ शिकायत, धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने मुकेश मौर्य के खिलाफ पुलिस महानिदेशक में शिकायत दर्ज कराई है। डीजीपी से की गई शिकायत में कहा कि माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान ग्वालियर में मशीन अटेंडेंट के पद पर पदस्थ मुकेश मौर्येद्वारा अजाक्स संघ का नाम एवं लेटर पैड का बिना अधिकारिता के उपयोग किया गया है।

अजाक्स का पदाधिकारी बनकर मुकेश मौर्य ने करीब 17 लाख संगठन की राशि गबन किया है। मुकेश मौर्य द्वारा की गई धोखाधड़ी की जानकारी जब अजाक्स के पदाधिकारियों को लगी तो उन्हें निष्कासित कर दिया गया। इसके साथ ही मौर्य को चुनाव में भाग लेने की भी पात्रता नहीं है। क्योंकि यह शासकीय कर्मचारी नहीं थे और इनके द्वारा आर्थिक अनियमितता कि गई थी। मुकेश मौर्य को कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी इनके द्वारा अजाक्स संगठन का नाम, पद और लेटर हैड का उपयोग पत्राचार में किया जा रहा है।

आए दिन इनके द्वारा पदाधिकारियों की नियुक्ती कर अवैध वसूली की जा रही है। पूर्व में भी संघ द्वारा संबंधित अधिकारियों जैसे पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, थाना प्रभारी टीटी नगर भोपाल को भी शिकायत की गई लेकिन अब तक मुकेश मोर्य पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आजाक्स संघ के नाम और लेटर पैड की बिना अनुमति के उपयोग करने पर मुकेश मौर्य पर कार्रवाई करने के लिए डीजीपी को पत्र लिखा है।

## मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेज के आधार पर कृषि उपज का क्रय-विक्रय कर मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कर चोरी या गड़बड़ी प्राप्त होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराकर मंडी शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाए। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आंचलिक अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों की जांच कर दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपने निर्देश में कहा कि कुछ व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं की ओर से मंडी शुल्क की चोरी कर मूंगफली का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। इसके लिए उनकी ओर से फर्जी दस्तावेज बिल, बिल्टी, अनुज्ञा-पत्र तैयार कर मंडी शुल्क की चोरी की गई है। मंडी बोर्ड ने इस तरह के क्रय-विक्रय पर नजर रखने के लिए उड़नदस्ते गठित किए गए थे, जिन्होंने ग्वालियर, चम्बल, सागर और जबलपुर संभाग में कर चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान अनुज्ञा-पत्र पर दर्ज क्यूआर कोड का स्कैन कर माल की प्राथमिकता चेकिंग की जाए।

- उड़नदस्ते करेंगे आकस्मिक जांच

## कोयला लोड कर दीपका खदान से मध्य प्रदेश आ रहा था ट्रक

# कोरबा में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक चालक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिले के अंतिम क्षेत्र पसान मुख्य मार्ग पर दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई और कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक में कोयला लोड था जो दीपका खदान से मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में पसान मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही एक ट्रेलर वाहन से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे बाहर निकाला गया और जिला मेडिकल कॉलेज कोरबा भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों ही वाहन तेज रफ्तार में थे, जिससे आमने-सामने की भिड़ंत टल नहीं सकी। मृत चालक की पहचान दल प्रताप सिंह (30 वर्ष), निवासी खड़गनवा, जिला कोरिया के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्यरत था और दीपका से कोयला लेकर एमपी जा रहा था। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी विश्व नारायण चौहान ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर बयान दर्ज किया गया है। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जानकारी दी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मृत चालक विवाहित था और शादी को चार वर्ष हो चुके हैं, हालांकि अभी संतान नहीं थी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के कंपनी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।


हादसे के बाद सड़क किनारे खड़े क्षतिग्रस्त वाहन।

### अन्नाराम-मरीमल्ला के जंगलों में नक्सली से हुई मुठभेड़

*बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तारलागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्नाराम और मरीमल्ला के घने जंगलों में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ होने की खबर है। यह इलाका छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर स्थित है, जहां सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल सर्चिंग अभियान पर निकली थी। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने और मौके से हथियार बरामद होने की खबर मिल रही है। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस दल अब भी जंगल के भीतर मौजूद है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ नक्सलियों की मद्देड एरिया कमेटी से हुई है।*

## बस्ती वासियों ने रेस्क्यू कर शव बरामद किया

# अपने दो दोस्तों के साथ हसदेव नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती करण घाट के पर पुरानी बस्ती ब्राह्मण मोहल्ला निवासी 12 वर्षीय निखिल जायसवाल अपने दो दोस्तों के साथ स्नान करने सुबह के वक्त आए हुए थे जहां 12 वर्षीय निखिल अपने दो दोस्तों के साथ नहा रहा था अचानक गहरे पानी में समा जाने के कारण वह डूब गया इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया बाकी दो दोस्त दौड़ते हुए मौके से भाग कर घर पहुंचने के बाद घटनाक्रम की जानकारी उसके परिजनों को दिये। हंसते नदी पर पहले से ही काफी संख्या में लोग सुबह से ही कार्तिक स्नान करने आए हुए थे जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और डूबे हुए बच्चे की तलाश शुरू की।

वहीं इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए नगर सेवा की रेस्कयू टीम को मौके पर बुलाने सूचना दी गई। उसके रेस्क्यू करने से पहले ही बस्ती वासियों के द्वारा रेस्क्यू कर शव बरामद किया।

कोतवाली थाना पुलिस ने तत्काल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रवाना किया। वहीं परिजनों का बयान दर्ज किया गया। प्रत्यक्षदर्शी हर्ष कुमार ने बताया की तीन दोस्त थे और दो दोस्त बाद में आये उसके बाद सभी कपड़ा निकाल नहा रहे थे। जहा नदी में चुंबक से पैसे की तलाश में निखिल और उसके अन्य साथी नदी के उसे तरफ जा रहे थे अचानक डूब गया जहां उसने भी उसे बचाने का प्रयास किया।

कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि 12 वर्षीय निखिल अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए हसदेव नदी आया हुआ था, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई आगे की कार्रवाई की जा रही है।


नदी में डूबे किशोर का शव स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।

## खबर संक्षेप

### सन फार्मा के मुनाफे में तीन फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.56 प्रतिशत बढ़कर 3,118 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,040 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टीमलीज़ सर्विसेज का मुनाफा 12 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** स्टाफिंग कंपनी टीमलीज़ सर्विसेज का सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 27.52 करोड़ रुपये हो गया। टीमलीज़ सर्विसेज़ ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 24.58 करोड़ रुपये था।

### बीईएमएल का लाभ 5.8% घटकर 48.03 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.8 प्रतिशत घटकर 48.03 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का एक साल पहले इसी तिमाही में मुनाफा 51.03 करोड़ रुपये रहा था। आय सालाना आधार पर 874.70 करोड़ रुपये से घटकर 846.13 करोड़ रुपये रह गई।

### पारादीप फॉस्फेट्स ने द्रविड़ को बनाया ब्रांड एम्बैसडर

**नई दिल्ली।** उर्वरक बनाने वाली कंपनी पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड (पीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को अपने ब्रांड एम्बैसडर के रूप में नियुक्त किया है। द्रविड़ का काम कंपनी के नैनो उर्वरक और ऑर्गेनिक (जैविक) उर्वरक उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। किसानों को उर्वरक के संतुलित इस्तेमाल के महत्व को समझाया जाएगा।

### गुरु नानक की जयंती पर बाजार रहा बंद

**मुंबई।** सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, गुरु नानक देव की जयंती के अवसर पर बुधवार को शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। बीएसई और एनएसई की ओर से जारी नोटिस में यह जानकारी दी गई।

### एवरेडी इंडस्ट्रीज को 7.9 करोड़ रुपए का घाटा




**नई दिल्ली।** बैटरी और फ्लैशलाइट बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत आधार पर 7.91 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज हुआ है। यह घाटा कर्मचारियों को अनुग्रह राशि के भुगतान और मध्यस्थता कार्यवाही के निपटान के रूप में असाधारण खर्चों के कारण हुआ। बर्मन परिवार द्वारा प्रवर्तित फर्म की एक नियामकीय सूचना के अनुसार, कंपनी ने एक साल पहले जुलाई-सितंबर की अवधि में 29.56 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। हालांकि, एवरेडी इंडस्ट्रीज ने सितंबर तिमाही में असाधारण वस्तुओं और कर से पहले 37.25 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था, जो साल-दर-साल आधार पर 6.36 प्रतिशत अधिक है।

# मारुति ने बनाया नया रिकॉर्ड, बेच डाली तीन करोड़ गाड़ियां, सबसे ज्यादा बिकी ऑल्टो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज 42 वर्षों में हासिल की

मारुति सुजुकी ने भारत में 3 करोड़ कारों की बिक्री का एक बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है, जो शायद किसी भी और कंपनी के लिए भारतीय बाजार में नामुमकिन है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में किसी भी कंपनी द्वारा ऐसा पहला रिकॉर्ड बना है। कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज 42 वर्षों में हासिल की है। जिससे पता चलता है कि मारुति हर महीने क्यों सबसे ज्यादा कारें बेचती हैं और इसे ग्राहकों ने लंबे समय से क्यों नंबर 1 बना रखा है। मौजूदा समय में मारुति सुजुकी अपने एरिना और नेक्सा शोरूम पर 19 अलग-अलग मॉडल बेचती है, जिनमें कई तरह के इंजन और गियरबॉक्स ऑप्शन मौजूद हैं।

**मारुति ने बिक्री का नया माइलस्टोन किया हासिल, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में पहला रिकॉर्ड बना**

#### मारुति ऑल्टो की 47 लाख इकाईयों का बिक्री

*मारुति सुजुकी की भारतीय बाजार में 3 करोड़ गाड़ियों में से सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी मारुति ऑल्टो रही, जिसकी 47 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। इसके बाद वैगनआर का नंबर आता है, जिसकी 34 लाख से ज्यादा यूनिट अब तक बिक चुकी है। तीसरे स्थान पर स्विफ्ट है, जिसकी 32 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। यहां एक और खास बात यह है कि ब्रेजा और फ्रॉन्क्स जैसी गाड़ियां भी कंपनी के टॉप 10 बेस्ट सेलिंग मॉडल्स में अपनी जगह बना चुकी हैं।*




#### लोगों के घूमने का सपना किया पूरा

*मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने इस बड़ी उपलब्धि पर कहा कि जब मैं भारत के कोने-कोने में देखता हूं और सोचता हूं कि 3 करोड़ ग्राहकों ने मारुति सुजुकी पर भरोसा करके अपने घूमने-फिरने का सपना पूरा किया है, तो मुझे बहुत विनम्रता और आभार महसूस होता है। हालांकि, भारत में हर 1000 लोगों पर लगभग 33 गाड़ियां ही हैं, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।*

*मारुति कारों की बिक्री का इतिहास : मारुति सुजुकी को पहली 1 करोड़ गाड़ियों की बिक्री तक पहुंचने में 28 साल और 2 महीने का समय लगा था। इसके बाद अगली 1 करोड़ गाड़ियां बेचने में कंपनी को सिर्फ 7 साल और 5 महीने लगे। सबसे दिलचस्प आंकड़ा 2 से 3 करोड़ पहुंचने में है। मारुति सुजुकी ने बीते महज 6 साल और 4 महीने में एक करोड़ कारें बेच डालीं और कुल आंकड़ा अब 3 करोड़ कारों का हो गया है, जो कि डोमेस्टिक मार्केट में अपने आप में एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिससे तोड़ना आसान नहीं है।*

*14 दिसंबर 1983 को मारुति ने पहली कार बेची थी मारुति की पहली गाड़ी मारुति 800 थी, जिसे 14 दिसंबर 1983 को पहले ग्राहक को सौंपी गई थी। इसी के साथ भारत में गाड़ियों के मामले में एक क्रांति की शुरुआत हुई थी।*

## एसबीआई ने अपनी 'द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' रिपोर्ट में कहा

# भारत के लिए यही एक व्यापक स्वर्ण नीति अपनाने का समय : एसबीआई

- भारत दुनिया का सबसे बड़ा सराफा बाजारों में एक
- देश सोने के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमतों के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के बीच इसके लिए एक व्यापक नीति की आवश्यकता है क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में से एक है जो इस पीली धातु के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित है। बुधवार को जारी एक अध्ययन में यह बात कही गई।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी 'कमिंग ऑफ (ए टर्बुलेंट) एजः द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने की कीमत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।




**वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई**

#### भारत की उपभोक्ता मांग 802.8 टन

भारत में सोने की कुल उपभोक्ता मांग 2024 में बढ़कर 802.8 टन हो गई जो वैश्विक स्वर्ण मांग का 26 प्रतिशत है। इससे भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। चीन की उपभोक्ता मांग 815.4 टन थी। एसबीआई अध्ययन में कहा गया कि चीन की सोने पर एक राष्ट्रीय नीति है, जिसका एक विशिष्ट उद्देश्य है। यह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में सोने के व्यापार, भंडारण, मूल्यांकन और उपयोग के तरीके को नया रूप देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखता है।

#### भारत में घरेलू आपूर्ति मात्र एक फीसदी

अक्टूबर में कुछ दिन के लिए कीमतें 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं लेकिन नवंबर में फिर से 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से पार चली गईं। रिपोर्ट कहती है कि सोने की घरेलू आपूर्ति भारत में कुल सोने की आपूर्ति का केवल एक अंश है।

#### देश में 2024-25 में 1,627 किलो सोने का खनन

मात्रा के संदर्भ में केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-सितंबर) में केवल 0.6 टन सोना जोड़ा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-सितंबर) में यह 31.5 टन था। भारत में सोने का खनन सीमित है, जिससे आयात पर निर्भरता बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,627 किलोग्राम सोने का खनन हुआ।

*भारत के स्वर्ण भंडार में 27 अरब डॉलर की वृद्धि : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 (10 अक्टूबर तक) में अपने भंडार का 15.2 प्रतिशत सोना रखा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 13.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 9.1 प्रतिशत था। आरक्षित निधि में परिवर्तन के संदर्भ में, आरबीआई के स्वर्ण भंडार में वित्त वर्ष 2024-25 में 25 अरब अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 2026 में 10 अक्टूबर 2025 तक 27 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण मूल्यांकन में वृद्धि है।*

*कुल आपूर्ति में आयात का योगदान 86 प्रतिशत विश्व स्वर्ण परिषद के अनुमान के अनुसार, 2024 में कुल आपूर्ति में आयात का योगदान लगभग 86 प्रतिशत होगा। इसमें कहा गया कि भारत सबसे बड़े स्वर्ण बाजारों में से एक है जो सोने के प्रति सांस्कृतिक आकर्षण, निवेश की मांग और मुद्रास्फीति से बचाव तथा सुरक्षित निवेश सहित अन्य आर्थिक कारकों से प्रभावित है।*

*अमेरिका व जर्मनी भंडार में 77 फीसदी से अधिक सोना : यह कई आर्थिक एवं भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को एक साथ संबोधित करने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देश अपने कुल भंडार का 77 प्रतिशत से अधिक सोने के रूप में रखते हैं।*

# जीएसटी में समाहित करों से राज्यों का राजस्व घटाः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में अनुपात में सुधार देखा गया

जीएसटी में समाहित करों से ज्यादातर मामले में राज्यों को प्राप्त कुल राजस्व कम हुआ है, जबकि कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तुलना में उनके कर-जीएसडीपी अनुपात में सुधार देखा गया है।

एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद से, इसमें शामिल करों से राज्यों का कुल राजस्व 2023-24 में घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.5 प्रतिशत रहा। जबकि 2015-16 (जीएसटी-पूर्व व्यवस्था में) में यह जीडीपी का 6.5 प्रतिशत था। कर सुधार के रूप में 2017 में लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्र और राज्य स्तर पर कई कर और शुल्क समाहित हुए। इनमें मूल्य वर्धित कर (वैट), केंद्रीय बिक्री कर, उत्पाद शुल्क और प्रवेश कर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी के सात वर्षों में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में औसत एसजीएसटी (2.6 प्रतिशत) जीएसटी से पहले के चार पूर्ण वर्षों में सम्मिलित औसत करों से कम रहा है। राज्यों को पहले पांच वर्षों के दौरान एसजीएसटी राजस्व में 14 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की गारंटी दी गई थी। जिन राज्यों के राजस्व में यह वृद्धि नहीं हो पाई, उन्हें जून, 2022 तक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर से प्राप्त राजस्व के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। वित्त वर्ष 2015-16 से पहले के चार वर्षों में, राज्यों को उन करों से सकल घरेलू उत्पाद का औसतन 2.8 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जिन्हें बाद में जीएसटी में समाहित कर दिया गया।

जीएसटी के पहले पूर्ण वर्ष में राजस्व घटकर 2.7 प्रतिशत रह गया और कोविड-19 के वर्ष 2020-21 में और घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया। वहीं 2024-25 में यह फिर से बढ़कर 2.8 प्रतिशत हो गया।

# सरकार कृत्रिम मेधा क्षेत्र में नवोन्मेष पर देगी ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- जरूरत पड़ने पर बनाएगी कानून: आईटी सचिव
- सरकार एआई का लाभ उठाना चाहती है

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने बुधवार को कहा कि सरकार की प्राथमिकता वर्तमान में कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में नवोन्मेष है और जरूरत पड़ने पर वह कानून लाएगी। सचिव ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एआई का लाभ उठाना चाहती है कि इससे देश के लोगों को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ मिले।

सचिव ने कहा, ''अगर हम मानते हैं कि नवोन्मेष को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, तो आज नियमन प्राथमिकता नहीं है। एआई क्षेत्र में नवाचार की बहुत आवश्यकता है। मैं फिर यह कहता हूं कि अगर कानून या नियमन की आवश्यकता पड़ी, तो सरकार इसमें कोई कमी नहीं रखेगी। सचिव ने इंडिया एआई मिशन के तहत एक उप-समिति द्वारा सरकार को सौंपी गई इंडिया एआई संचालन दिशानिर्देश रिपोर्ट जारी करने के अवसर पर यह बात कही।

रिपोर्ट में उन सिद्धांतों और रणनीतियों की सिफारिश की गई है जिन्हें सरकार को कृत्रिम मेधा से संबंधित मामलों के संचालन के लिए अपनाना चाहिए। कृष्णन ने कहा कि रिपोर्ट सरकार के रुख का समर्थन करती है और अभी कानून बनाने में जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है।

## ग्रासिम का दूसरे तिमाही में लाभ 52.4 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 52.4 प्रतिशत बढ़कर 1,498.04 करोड़ रुपये हो गया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 982.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में ग्रासिम की परिचालन आय 16.6 प्रतिशत बढ़कर 39,899.5 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,222.50 करोड़ रुपये थी।


**कार्यालय अधिक्षण अभियंता नगर वृत्त मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर**
CIN: U40109MP2002SGC015120, GST:23AADCM617E2ZM
PHONE :0761-2621784 email-secityjabalpur@gmail.com
1912
क्रमांक- अ.अ./ज.न.वृ./3490 दिनांक :- 04.11.2025

**आम सूचना**

नगर संभाग उत्तर के अंतर्गत निम्न अघोषित- अवैध कॉलोनी का विद्युतीकरण प्रस्तावित हैं :

| क्र. | कॉलोनी का नाम | खसरा क. और रकबा | प्लॉट संख्या | अनुमानित भार | विद्युतीकरण प्राक्कलन राशि | विद्युतीकरण हेतु आने वाली प्रति किलोवॉट लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक श्री राजेश पटेल पिता श्री प्रहलाद पटैल द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी | मौजा उर्दुआ, खुर्द, प.ह.न., 18 नया 63 रा.नि.म. महाराजपुर जिला जबलपुर खसरा नं 95/1, कुल रकवा 0.885 है. भूमि तह. अधारताल जबलपुर। | 54 नग | 194 कि. वॉ. | 19,08,310/- | 9,838/. |

आम जनमानस हेतु सूचनार्थ प्रकाशित । अधीक्षण अभियंता, नगर वृत म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. जबलपुर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सांकेतिक सूचना**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में मानदेयी विज़िटिंग विशेषज्ञ - ऑर्थोपेडिक व फिजिशियन विशेषज्ञ का एंगेजमेंट**

अधिसूचना क्रमांक.: P/NGP/RCT/2024/10/1 दिनांक: 03.11.2025

पॉलीक्लिनिक, मोतीबाग, नागपुर में एचवीएस (ऑर्थो ) विशेषज्ञ के 01 (एक) और एचवीएस (फिजिशियन) के 01 (एक) पद के विरुद्ध विशुद्ध रूप से वार्षिक अनुबंध के आधार पर, 01 वर्ष के लिए प्रतिदिन 02 घंटे/सप्ताह में 06 दिन के लिए **मानद विजिटिंग विशेषज्ञ** को नियुक्त करने का प्रस्ताव है। ईमेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **20.11.2025** है। दिनांक 20.11.2025 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पात्रता की शर्तें और अन्य विवरण वेबसाइट **https://secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं। पथ इस प्रकार है: Recruitment > News > Press Release > Recruitment > Nagpur Division > Fresh Engagement of Honorary Visiting Specialist (HVS) Ortho & Physician Specialist

मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/36-171
swacch bharat - keepindiaclean



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - बालाघाट (म. प्र.)**

क्रमांक/निविदा/2025/9040 बालाघाट दिनांक 03/11/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट कार्यालय मलेरिया अधिकारी बालाघाट, कार्यालय क्षय अधिकारी बालाघाट कार्यालय जिला कुष्ट अधिकारी बालाघाट एवं समस्त अधिनस्थ स्वास्थ्य संस्था सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उपस्वास्थ्य केन्द्रों में औषधि/सामग्रियों की निर्बाध आपूर्ति के लिए ऑनलाइन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से संबंधित दस्तावेज, जिसमें शर्तों का उल्लेख https://mptenders.gov.in में किया जाकर निविदा में भाग लिया जा सकता है। उक्त निविदाओं को निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भरना होगा। निविदा शर्तों के अनुरूप निविदा फार्म 1000/- (एक हजार रुपए) एवं ई.एम.डी राशि रू 50000/- (पंचास हजार रुपएं ( औषधि एवं सामग्री निविदा के लिए पृथक-पृथक )) ऑनलाइन जमा कर छायाप्रति तकनीकी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के दस्तावेजों को अंतिम तिथी दिनांक 20 नवम्बर 2025 दोप 01:00 बजे तक ऑनलाइन जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी प्रस्ताव को दिनांक 21 नवम्बर 2025 दोप 03:00 बजे जिला निविदा सह क्रय समिति के समक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष में खोला जावेगा, निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते है। निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी जिला क्रय समिति का होगा ।

G-21024/25 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" जिला - बालाघाट म. प्र.



**कार्यालय कलेक्टर, जिला पांदुर्णा (म.प्र.)**
dmpandhurna@mp.gov.in

**निविदा सूचना**

जिला कार्यालय पांदुर्णा के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये संलग्न सूची में अंकित लेखन सामग्री पूर्ति किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है शर्ते निम्नानुसार होंगी :-
1. जो व्यवसायी निविदा प्रस्तुत करना चाहते है, निविदा सीलबन्द लिफाफे में रजिस्टर्ड पोस्टल डाक से या स्वयं कार्यालयीन समय मे उपस्थित होकर दिनांक 12 नवम्बर 2025 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा। 2. ऐसे व्यक्ति निविदा प्रस्तुत कर सकते है। जो स्थानीय पंजीकृत व्यवसायी है और स्थानीय या नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत दुकान व लेखन सामग्री का भण्डारण कर प्रदाय करना चाहते है । 3. निविदादाताओं को रुपए 5000 / - की अमानत राशि चालान द्वारा शासन के मुख्य लेखा शीर्ष रेवेन्यू डिपाजिट 8443 लेखन सामग्री प्रदाय में अमानत स्वरूप जमा कर चालान की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। नगद चेक बैक ड्राफ्ट आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे। राष्ट्रीय बचत पत्र आदि स्वीकार होगा । 4.अमानत की यह राशि निविदा स्वीकृत की दशा में वर्ष समाप्ति के पश्चात उन्हें वापस कर दी जायेगी किन्तु राशि वापिस करने के पूर्व यह देखा जायेगा कि उसने लेखन सामग्री के प्रदाय में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की है। गड़बड़ी पाये जाने पर यह अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी । 5. निविदा में वर्णित लेखन सामग्री के नमूने निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत करना होगा तथा नमूनों के चुनाव के समय इसमें निश्चित तिथि को स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना पडेगा । 6. निविदा में वर्णित लेखन सामग्री के सामने कंपनी का नाम / ब्रान्ड नेम अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए । 7. निविदादाताओं के द्वारा प्रस्तुत किये गये लेखन सामग्री के निविदा नमूनो पर वस्तुओं का साईज / वजन / कम्पनी / ब्राण्ड / कारखाना / प्रदायकर्ता दुकान की मोहर (सील) चिन्ह अंकित होना चाहिये तथा प्रदायकर्ता के हस्ताक्षर भी होना चाहिये । प्रदाय की जाने वाली सामग्री पर भी दुकान का चिन्ह अंकित होना चाहिये। 8. निविदा सूचना के क्रमांक 6 एवं 7 का शत-प्रतिशत पालन करना अनिवार्य होगा। जिन निविदादाता द्वारा इसका पालन नहीं किया जायेगा। उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा । 9. लेखन सामग्री के नमूने जो चयन किये जावेंगे वे इस कार्यालय में वर्ष के अन्त तक अमानत बतौर रखे जावेंगे। 10. निर्धारित दरों में क्रय की गई वस्तुओ के मूल्यो के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के करो का भुगतान नही किया जावेगा। जी.एस.टी. पृथक से देय होगा । 11. कार्यालय की ओर से मंगाई गई वस्तुओ के प्रदाय करने पर सामग्री कार्यालय तक पहुचाने का समस्त व्यय व्यवसायी को स्वयं वहन करना होगा । 12. निविदा कलेक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति / अधिकारी द्वारा खोली जावेगी व लेखन सामग्री का चयन किया जावेगा । निविदा स्वीकृत करना या न करना उनकी इच्छा पर निर्भर है इसमें किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कलेक्टर बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है जिन-जिन निविदादाताओं की निविदा दर की स्वीकृत की जावेगी उन्हें लेखन सामग्री का प्रदाय मांगे जाने पर 03 दिवस के अन्दर या आवश्यकतानुसार तत्काल ही करना होगा । यदि सामग्री का प्रदाय समय पर नहीं किया गया या लेखन सामग्री नमूने के अनुरूप न पाई गई तो प्रदायकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी । जिसका परिणाम निविदा निरस्त करना, अमानत राशि राजसात करना, क्षतिपूर्ति वसूल करना, उसे ब्लैक लिस्ट घोषित करना आदि है । प्रस्तुत सूचना में निविदा दाताओं द्वारा प्रस्तुत की गई शर्त मान्य नहीं की जावेगी और हर दशा में कलेक्टर का निर्णय माना जावेगा ।

कलेक्टर
G-21021/25 "स्वच्छता ही सेवा" जिला - पांदुर्णा (म.प्र.)



**खंड- I**
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन, कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3244 / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 04/11/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | दरवाजा चौखट फ्रेम (size 3'6" x 7'0" fit) साल चिरान लकड़ी | 15000/- | 500/- |
| 2 | दरवाजा चौखट फ्रेम (size 2'9" x 7'0" fit) साल चिरान लकड़ी | | |
| 3 | दरवाजा पल्ले (size 3'6" x 7'0" fit) with kiln seasoned and chemically treated haldu / bija लकड़ी (मोटाई 30mm) | | |
| 4 | दरवाजा पल्ले (size 2'9" x 7'0" fit) with kiln seasoned and chemically treated haldu / bija लकड़ी (मोटाई 30mm) | | |
| 5 | एल्यूमीनियम वेंटिलेटर फ्रेम 2 एम. एम. मोटाई में मास्किटो जाली के साथ | | |
| 6 | दरवाजे WMD (पाईनवुड से बना हुआ, बुडन पेंट किया गया हो, आई. एस. आई प्रमाणित एवं दरवाजे की मोटाई 30 एम.एम) | | |
| 7 | दरवाजे WPC (Wood Plastic Composite) (WPC से बना हुआ, आई.एस.आई प्रमाणित, दरवाजे की मोटाई 30 एम. एम एवं 50 डेन्सिटी) | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ( दिनांक ) 04/11/2025 को सुबह 04:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है । । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 14/11/2025 समय 01:30 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 12/11/2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे । वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 13/11/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं ।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/

G-21077/25 वनमण्डलाधिकारी (दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल



**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
**M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation**
**CIN : U13100MH2010PTC263990**
**Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010**

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation** ('Corporate Debtor'), through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis".** Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider **eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider eBKray.

Amount in Rs.

| Sr. No. | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Industrial Land & Building Standing on -** Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 26th November 2025. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,01,04,843 | 10,10,484 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document: 24th November 2025**
**Date of Inspection: Till 22nd November 2025 with prior intimation to the liquidator.**
**Last date of submission of EMD: 24th November 2025 till 6.00 P.M.**
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com)
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https://ibbi.baanknet.com**
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the https://ibbi.baanknet.com portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

**CMA Srigini Rajat Naidu,**
**Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)**
**IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513**
**Date: 06/11/2025**
**Place: Nagpur**

## भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास

# अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को दिलाई बड़ी जीत चुनाव बाद राष्ट्रपति ट्रंप को मिली पहली बड़ी हार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ न्यूयॉर्क

भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पहली हार का सामना करना पड़ा है। जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है।

नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर डालेंगे असर!

अमेरिका की राजनीति में बढ़ रहा भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रभाव

## न्यूयॉर्क मेयर बने जोहरान ममदानी

### सिटी हॉल का वीडियो साझा किया, जिस पर 'जोहरान फॉर न्यूयॉर्क सिटी' लिखा था

*अपनी जीत के बाद अपनी पहली एक्स पोस्ट में ममदानी ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें सिटी हॉल में एक न्यूयॉर्क मेट्रो ट्रेन खुलती दिखाई दे रही थी और दीवार पर "जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी" लिखा हुआ था। सिटी हॉल वह जगह है, जहां मेयर कार्यालय स्थित है। जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर कुओमो को हराया, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार स्लीवा ने नाम नहीं वापस लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की भारी आलोचना के बावजूद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को चुनाव में सफलता मिली।*


जोहरान ममदानी ने बुधवार को जनता को संबोधित किया

### अमेरिका में मच रही 'समोसा कॉकस' की धूम

अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले 'समोसा कॉकस' की चर्चा अब खूब हो रही है। बता दें, अमेरिका में चाहे राज्य स्तर पर हो या संघीय स्तर पर निर्वाचित पद संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय को ही समोसा कॉकस कहा जाता है। यह अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय-अमेरिकी सांसदों के एक समूह को दिया गया एक उपनाम है। यह उपनाम उस चीज को दर्शाता है जिसमें साउथ एशियाई मूल के खासकर भारतीय मूल के विधायकों की बढ़ती संख्या शामिल है।

**डेमोक्रेट्स सत्ता में आए तो हालात खराब**

*जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर सीधा हमला बोला है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी सत्ता में आती है तो देश बहुत खराब स्थिति में पहुंच जाएगा। ट्रंप ने आगे कहा अगर हम सब वही करें जो मैं कह रहा हूं, तो डेमोक्रेट्स कभी सत्ता हासिल नहीं कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि वे देशहित में ऐसे कई कानून पारित करेंगे जो अमेरिका की प्रगति को मजबूत बनाएंगे और डेमोक्रेट्स की नीतियों का विरोध करेंगे।*

## वर्जीनिया की एलजी चुनी गईं गजाला


गजाला हाशमी

गजाला हाशमी का जन्म भारत में हुआ था। उन्होंने वर्जीनिया में लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार जॉन रीड को हराया। हाशमी पहली बार नवंबर 2019 में वर्जीनिया सीनेट के लिए चुनी गई थीं। हाशमी चार साल की थीं जब वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से अमेरिका आईं और जॉर्जिया में अपने पिता के साथ रहने लगीं। हाशमी ने करीब 30 साल तक पहले यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड में और फिर रेनॉल्ड्स कम्युनिटी कॉलेज में बतौर प्रोफेसर पढ़ाया। हाशमी और उनके पति अजहर साल 1991 में शादी के बाद वर्जीनिया के रिचमंड में बस गए।

## सिनसिनाटी के मेयर चुने गए आफताब


आफताब पुरेवाल

ओहायो के शहर सिनसिनाटी के भारतीय मूल के मेयर आफताब पुरेवाल भी विजयी रहे। पुरेवाल ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कोरी बोमन को हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। 43 वर्षीय पुरेवाल, जो पहले अमेरिका में विशेष सहायक अटॉर्नी रह चुके हैं, ने 2021 में करीब 66 फीसदी वोट पाकर पहली बार मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी। पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वह बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं। उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने ट्रंप समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार कोरी बोमन को हराया, जो अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई हैं।

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों की आतंकियों संग मुठभेड़

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है।



किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के छतरू में यह अभियान शुरू किया। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को 'ऑपरेशन छतरू' नाम दिया गया है। भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें किश्तवाड़ में इस ऑपरेशन में शामिल हैं। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। अभियान जारी है।

### नौसेना में आज शामिल होगा स्वदेशी जहाज 'इक्षक'

**नई दिल्ली।** भारत का पहला स्वदेशी सर्वे पोत 'इक्षक' 6 नवंबर को नौसेना में शामिल होगा।



इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और पोत को औपचारिक रूप से नौसेना की सेवा में शामिल करेंगे। इस नौसैनिक पोत का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस पोत में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों तथा सामग्री का उपयोग किया गया है।

### उड़ते प्लेन के दरवाजे से लटकीं यूट्यूबर मिशेल

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी यूट्यूबर मिशेल हरी ने लॉकहीड सी-130



सैन्य विमान के दरवाजे से लटककर खतरनाक स्टंट किया। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसे देखने के बाद लोग कह रहे हैं ये तो किसी हॉलीवुड एक्शन फिल्म का सीन लगता है। मिशेल हरी की उम्र सिर्फ 33 साल है। वीडियो में विमान ने कुछ ही पलों में 260 किमी प्रति घंटे की गति पकड़ ली और तेजी से 600 मीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान मिशेल सिर्फ अपने दोनों हाथों के सहारे विमान के दरवाजे से लटकी रहीं।

### रूस बना रहा आवाज से 3 गुना तेज मिसाइल

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की है



कि रूस ने अगली पीढ़ी की परमाणु ऊर्जा चालित क्रूज मिसाइलों का विकास शुरू कर दिया है। ये नई मिसाइलें ध्वनि की गति से तीन गुना तेज होंगी, और भविष्य में ये हाइपरसोनिक क्षमता वाली होंगी। उन्होंने कहा कि 'अवंगार्ड' सामरिक मिसाइल प्रणाली और 'ओरेश्निक' मध्यम दूरी वाली मिसाइल प्रणाली तैयार कर ली है, इसे ड्यूटी पर लगा दिया गया है और इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो चुका है।

## व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बोलीं

# भारत-यूएस संबंधों के भविष्य को लेकर बहुत सकारात्मक महसूस करते हैं ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

लेविट ने संवाददाता सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम से फोन पर बात भी की थी

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन क्लेयर लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को लेकर 'बहुत सकारात्मक' महसूस करते हैं।


कैरोलिन लेविट

लेविट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम (नरेंद्र मोदी) से फोन पर बात भी की थी। उन्होंने कहा कि भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर 'बेहतरीन' प्रतिनिधि हैं। जो वाशिंगटन का बहुत अच्छी तरह प्रतिनिधित्व करेंगे।

### राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं


फाइल फोटो : पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ट्रेड डील पर भारत संग लगातार गंभीर चर्चा हो रही

#### व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही

अमेरिकी प्रेस सचिव ने आगे कहा कि राष्ट्रपति और उनकी व्यापार टीम ट्रेड डील विषय पर भारत के साथ लगातार गंभीर चर्चा कर रही है। पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया में ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने के संकेत दिए हैं। उन्हें उम्मीद थी कि भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता हो जाएगा। लेकिन भारत द्वारा रूसी तेल खरीद के जवाब में भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद ये प्रभावित हुई। इससे पहले 28 अक्टूबर को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) से पहले बोलते हुए, ट्रंप ने पीएम मोदी को 'सबसे अच्छे व्यक्ति' भी कहा था।

### दोनों के बीच अक्सर बातचीत होती है

*संवाददाताओं के एक सवाल पर लेविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और दोनों के बीच अक्सर बातें होती हैं। पिछले महीने ट्रंप ने ओवल ऑफिस में दिवाली समारोह की मेजबानी की थी, जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा, कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकी कारोबारी नेता और सामुदायिक प्रतिनिधि शामिल हुए थे। ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर दिवाली की शुभकामनाएं भी दी थीं। इस पर मोदी ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और अमेरिका दोनों मिलकर दुनिया को आशा की किरण से आलोकित करते रहेंगे तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहेंगे।*

**कांग्रेस ने दागा सवाल**

### पीएम इससे इनकार क्यों करते हैं कि ट्रंप से उनकी बात होती है

कांग्रेस ने लेविट के बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि आखिर पीएम नरेंद्र मोदी इस बात से इनकार क्यों करते हैं कि उनकी ट्रंप के साथ बातचीत होती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कैरोलिन लेविट की टिप्पणी का वीडियो साझा किया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 10 मई को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री (मार्को रुबियो) की घोषणा से भारत के लोगों को पता चला कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अचानक रोक दिया गया है। अब व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट से भारत के लोगों को पता चला है कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार (या) सौदे पर अक्सर एक-दूसरे से बात करते रहे हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा कि दोनों नेताओं को वास्तव में एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। रमेश ने सवाल किया कि लेकिन पीएम इसे मानने से इनकार क्यों करते हैं? वह यह मानने से इनकार क्यों करते हैं कि वह राष्ट्रपति ट्रंप से बात करते हैं? वह किससे डरते हैं?


कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

## भारत-जापान फोरम में जयशंकर बोले

# दोनों देशों के संबंध और गहरे हुए, 10 ट्रिलियन येन निवेश का है लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 8वें भारत-जापान हिंद-प्रशांत फोरम में शामिल हुए। इस दौरान विदेश मंत्री ने भारत और जापान के संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में भारत और जापान के बीच के संबंध और भी गहरे हुए हैं। जयशंकर ने कहा कि मुझे इस संवाद के नवीनतम संस्करण को एक बार फिर संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। दिल्ली पॉलिसी ग्रुप और जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स को मेरी बधाई। हमारी साझेदारी, जो पिछले दशकों में पहले से कहीं अधिक एक-दूसरे पर निर्भर रही है, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता में योगदान देने का काम करती है। एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखना एक मजबूत तुलनात्मक और साथ ही एक जटिल चुनौती भी है।


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### साझेदारी को मजबूत कर रहे

जयशंकर ने कहा कि भविष्य में, भारत-जापान साझेदारी को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टरों, महत्वपूर्ण खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो प्रमुख लोकतंत्रों और समुद्री राष्ट्रों के रूप में, भारत और जापान की हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। हिंद-प्रशांत महासागर पहल हमारे योगदान को आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है।

### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप एक द्विपक्षीय संबंध, जो विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने में परिलक्षित होता है। अगस्त में पीएम मोदी की जापान यात्रा ने अगले दशक के संयुक्त दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया। अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन येन का निवेश लक्ष्य है।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर कर रहे चर्चा

# जल्द ही समझौते पर बनेगी अंतिम सहमति, दोनों पक्षों के लिए खोलेगा बड़े अवसर


ऑकलैंड में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूजीलैंड के दौरान में है। वे भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा कर रहे हैं। दोनों पक्ष समझौते से जुड़ी वार्ता को जल्द पूरा करना चाहते हैं। संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ महीने में समझौते पर अंतिम सहमति बन सकती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि यह समझौता दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर खोलेगा।

### दोनों देश सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग से न केवल व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम कर रहे हैं।

### नवाचार और उन्नत तकनीक से मिलेगा लाभ

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की साझेदारी साझा दृष्टिकोण और आपसी हितों पर आधारित है। एक न्यायसंगत और संतुलित एफटीए दोनों देशों के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। न्यूजीलैंड जहां भारत के विशाल बाजार से लाभान्वित हो सकता है वहीं, भारत को न्यूजीलैंड के नवाचार और उन्नत तकनीक से लाभ मिलेगा। एफटीए से जुड़ी वार्ताओं को गति देने पर विशेष चर्चा हुई। समझौते को लेकर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है। कई संवेदनशील और गंभीर मुद्दे हैं।

## महादेव सट्टेबाजी एप मामले में सुप्रीमा कोर्ट सख्त

# आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल न समझें, इसकी अनुमति नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रवि उप्पल सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 नवंबर की तारीख तय की है। उप्पल के वकील की ओर से समय मांगने पर पीठ ने कहा कि वह उसे भारत लौटने और कार्यवाही का सामना करने के लिए राजी करें।

## बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बदरीनाथ धाम


**चमोली।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों में से एक बदरीनाथ धाम में अचानक से मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार सुबह से लगातार तेज बर्फबारी हो रही है और चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। बर्फबारी होने की वजह से तापमान काफी गिर गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में कमी नहीं है, बर्फबारी के बीच भी भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटक भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं। बीते दिन का अधिकतम तापमान −1° सेल्सियस और न्यूनतम तापमान −12° सेल्सियस तक रहा था।

## ईएसटीआईसी कार्यक्रम में इसरो प्रमुख नारायणन का खुलासा

# 7 नवंबर को निसार उपग्रह को ऑपरेशनल घोषित करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा रहा, अब तक मिले सभी डेटा की जांच पूरी*

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि नासा और इसरो मिलकर तैयार किया गया उपग्रह 'निसार' को इस शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर काम करना शुरू कर देगा, यानी यह ऑपरेशनल हो जाएगा।


इसरो प्रमुख वी. नारायणन

'एमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी)' में उन्होंने यह जानकारी साझा की। नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) अब तक का सबसे महंगा 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' माना जा रहा है। इसमें यह क्षमता है कि यह हर 12 दिनों में दो बार पृथ्वी की ज्यादातर भूमि और बर्फ से ढकी सतहों की निगरानी कर सकता है।


निसार उपग्रह

### निसार रात-दिन डेटा एकत्र कर सकेगा

एल-बैंड रडार घने जंगलों की छतरी के आर-पार डेटा एकत्र कर सकता है और इससे मिट्टी में नमी, घनी वनस्पति (फॉरेस्ट बायोमास) और जमीन व बर्फ की सतहों की गति मापी जा सकती है।

### दो एसएआर प्रणाली को साथ ले गया

उन्होंने कहा कि अब तक मिला सभी डेटा बेहतरीन हैं। हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा सकता है। निसार मिशन ऐसा पहला मिशन है जो दो एसएआर प्रणाली (एल-बैंड और एस-बैंड सेंसर) को एक साथ ले जा रहा है।

**जनवरी में होगा गगनयान मिशन का पहला परीक्षण**

*इसरो प्रमुख ने आगे बताया कि गगनयान मिशन का पहला मानव रहित परीक्षण जनवरी में किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य है कि 2027 तक भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजा जाए। उन्होंने बताया कि इस मिशन के लिए अब तक 8,000 से ज्यादा परीक्षण किए जा चुके हैं। इसरो पहले तीन मानव रहित उड़ानें संचालित करेगा, उसके बाद अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा।*

### गुरुनानक देव प्रकाशोत्सव पर चहुंओर बिखरे सद्भावना, सेवा और उल्लास के रंग

# धरती भई हरियावली जित्थे मेरा सतगुरू बैठा आए





**जबलपुर। गुरु की नगरी ऐतिहासिक सिख तीर्थ स्थल श्री झाड़ साहिब तरणतारण पंजाब के विख्यात रागी जत्था भाई मंगत सिंह एवं भाई परगट सिंह इलाही सुरों में गुरुवाणी का अमृतरस घोल रहे थे "धरती भई हरियावली जित्थे मेरा सतगुरू बैठा आए, से जंतु भए हरियावले जिन मेरा सतगुरू देखया जाए"। अवसर था श्री गुरु नानक देव जी महाराज के पवित्र प्रकाशोत्सव समारोह का।**

अपनी विश्व पद यात्राओं के दौरान पूरी दुनिया को विश्व बंधुत्व, मानव कल्याण और विश्व शान्ति का इलाही पैगाम देने वाले सिख धर्म के प्रवर्तक और प्रथम गुरु,जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज पवित्र 556 वा पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व समारोह सदर स्थित गैरिसन मैदान, पेंटी नाका में भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि कार्यक्रमों के साथ अपूर्व उल्लास, आस्था,सेवा और सद्भावना भरे माहौल में मनाया गया। यहां विद्वान गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी विशाल सिंह, मंजीसाहिब श्री हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब ने कहा कि गुरुनानक ने आजसे पांच सौ साल पहले अपनी सूक्ष्म दृष्टि से अन्वेषण कर बताया कि इस सृष्टि में लाखों ब्रह्माण्ड, धरती और आकाश हैं, इनका पालनहार ईश्वर एक ओंकार अर्थात ईश्वर एक ही है इसलिए उनका नाम जपो कर्म करो और बांट कर छको का पावन संदेश आज कहीं अधिक प्रासंगिक है। इस मौके पर जत्थेदार कुलदीप सिंह बंसल के नेतृत्व में प्रधान साहब प्रताप सिंह विरदी, सुखबिंदर सिंह रील, जतिंदर सिंह सैनी, इंदरपाल सिंह सेहमी, काके आनंद एवं प्रबंधक कमेटी ने वरिष्ठ समाजसेवी सरदार प्रदीप सिंह भोगल, सरबजीत सिंह मैनी, जोगा सिंह एवं मंजीत सिंह सी. एस. पी. ईओडब्लयू को शाल एवं अभिनन्दन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। हुजूरी रागी जत्था भाई नरिन्दर सिंह, भाई सतनाम सिंह सहित माता गुजरी महाविद्यालय एवं गुरु गोबिंद सिंह खालसा विद्यालय के छात्रों ने गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर गुरुजी का यश अर्चन किया।

### सिरोपा भेंटकर किया सम्मान

यहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि राकेश सिंह मंत्री लोक निर्माण विभाग, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, संजीव जैन, काके आनंद, कुंवरपाल सिंह शेरू, काके गूमर आदि ने गुरु घर में हाजिरी भरी ।सभा द्वारा इनका सिरोपा प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम एस नागी ने तथा प्रधान साहब प्रताप सिंह विरदी ने आभार व्यक्त किया । यहां हर वर्ग और धर्म के हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में गुरु का लंगर ग्रहण कर सर्व धर्म सौहार्द और गुरुनानक के मानवीय एकता के संदेश को सार्थक किया।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए 9 लाख दिए

सिख नारी मंच द्वारा श्रीमती ब्रिज कौर आनन्द के नेतृत्व और चिकित्सक दल की सघन देखरेख में यहां पीड़ित मानवता की सेवार्थ रक्तदान शिविर लगाया गया । पंजाब के बाढ़ पीड़ितों हेतु दसबंध सिख सेवा समिति के सूत्रधार अजीत सिंह नैयर सीटू द्वारा पांच लाख दो हजार रुपए एवं जबलपुर सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रजिंदर सिंह छावड़ा द्वारा चार लाख चौबीस हजार रुपए की राशि भेंट की गई।

### मढ़ाताल में उमड़ा हुजूम

दूसरी तरफ, श्री गुरु नानक देव जी के जबलपुर आगमन का साक्षी ऐतिहासिक गुरुद्वारा मढ़ाताल में आज प्रातः 4.30 बजे से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा । लंबी कतारों में लगकर मत्था टेक कर मन की मुरादें मांगी गई । मिष्ठान का वितरण किया गया और आकर्षक विद्युत रोशनी से साज सज्जा की गई । रागी जत्था भाई नरिंदर सिंह ने ''आदा दी वार" का विशेष कीर्तन पेश किया। अनन्य सेवादार प्रितपाल सिंह पॉली और परमजीत सिंह अरोरा को सिरोपा से सम्मानित किया गया । उपनगरीय क्षेत्र ईस्ट लैंड खमरिया गुरुद्वारा सहित विभिन्न गुरुद्वारों में भी प्रकाशोत्सव पर कीर्तन दरबार के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अधिवक्ता व्यवसाय अत्यंत व्यस्त लेकिन खेलों के लिए वक्त निकालें




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य,मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद के द्वारा अधिवक्ता खेल महाकुंभ का आयोजन पीएम श्री शासकीय महाकौशल महाविद्यालय खेल परिसर में किया गया था, अधिवक्ता खेल कुंभ के विजई प्रतियोगियों के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली सभागार में किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के पूर्व में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रमन पटेल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया गया एवं स्व. रमन पटेल के चित्र को हाई कोर्ट बार के सभागार में लगाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विशाल धगट रहे। इस अवसर पर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, मध्य प्रदेश अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्र मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विशाल धगट ने कहा कि अधिवक्ता व्यवसाय अत्यंत व्यस्त होता है, लेकिन अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। कार्यक्रम में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमित जैन एवं प्रशांत अवस्थी, राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य मनीष तिवारी, राजेंद्र प्रताप सिंह, निधीश पांडे, राम प्रकाश शिवहरे, नीलम चांसोरिया, मनोज तिवारी, मनोज शिवहरे, नितिन पटेल, जीएल चंदेल की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## अजाक्स संघ ने महापौर, निगम आयुक्त को सौंपा 16 सूत्रीय ज्ञापन



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नु' एवं नगर निगम आयुक्त श्रीराम अहिरवार को अजाक्स संघ के पदाधिकारियों द्वारा 16 सूत्रीय मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से यह मांग रखी गई कि ई-अटेंडेंस प्रणाली के स्थान पर फेस रीडिंग बायोमेट्रिक मशीन को अपनाया जाए, क्योंकि फील्ड में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन साइट पर कार्य करते हैं। अतः उन्हें ई-अटेंडेंस से मुक्त रखते हुए वैकल्पिक उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। इसके साथ ही सभी वार्ड कार्यालयों में फेस रीडिंग बायोमेट्रिक मशीनें लगाई जाएं ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्न 16 सूत्रीय मांगें शामिल थीं। जिनमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों का लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए। नगर निगम परिसर में बेहतर कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। 25 दैनिक वेतन भोगियों का नियमितीकरण किया जाए। 74 कर्मचारियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार लाभ प्रदान किया जाए। 2016 से विनमित कर्मचारियों का निमितिकरण का लाभ प्रदान किया जाए। नगर निगम बजट अनुसार रिक्त 1839 पदों की शीघ्र भर्ती की जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों को कलेक्टर आदेश के अनुसार वेतन भुगतान नियमित किया जाए। आउटसोर्स एजेंसियों के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे कर्मचारियों को वेतन भुगतान की तिथि सुनिश्चित करें। ज्ञापन में कर्मचारियों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, मन्नु पटेल, रामप्रवेश, गुलशन जबलपुरी, काजल विश्वास, संतोष गौतम, रामाराव मगरदे, जगदीश नन्हेट सहित काफी संख्या में संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# संत नामदेव जयंत हर्षोल्लास से सम्पन्न




**जबलपुर।** संत नामदेव समाज समिति, जबलपुर द्वारा 1 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से संत नामदेव जयंती का आयोजन "संत नामदेव सामुदायिक भवन" मनमोहन नगर, दमोहनाका जबलपुर में किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम चरण में संत श्री नामदेवजी महाराज की मूर्ति का अभिषेक एवं पूजा अर्चना कर महाआरती की गई एवं नामदेव जी के अभंग एवं विभिन्न प्रसंगों का वाचन किया गया। द्वितीय चरण 02.11.2025 को दोपहर 3 बजे से रंगोली. मेंहदी. ड्राइंग एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज के उदीयमान एवं प्रतिभाशाली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कु. सोनम नामदेव ने मेहंदी में. कु. शुभी नामदेव ने रंगोली में, कु. पलक नामदेव ने डांस में एवं कु. काव्या नामदेव ने ड्राइंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं संत नामदेव जी के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन सत्यप्रकाश नामदेव एवं अनुराग नामदेव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. अमिता क्षत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ/संरक्षक गिरधारी लाल नामदेव, ओम प्रकाश नामदेव, संदीप कौशल, राजीव नामदेव, नरेश नामदेव, कुलदीप नामदेव, अजय नामदेव, बाबू लाल नामदेव, दीपक नामदेव, डॉ. बी.पी. नामदेव, अजय क्षत्री, प्रदीप नामदेव, अध्यक्ष सुधीर नामदेव, राकेश नामदेव, महिला अध्यक्ष गेसू नामदेव, सुश्री माया वर्मा, वीणा नामदेव, मीना क्षत्री, रश्मि नामदेव, निशा नामदेव, कीर्तिमा नामदेव, मधु नामदेव, भावना नामदेव, गीतांजलि नामदेव, पदमा नामदेव सहित अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति सराहनीय थी।



## जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंदगिरी महाराज का प्रकाशोत्सव पर्व मनाया

**जबलपुर।** प्रभु प्रेमी संघ के प्रवक्ता डॉ. विजयकांत तिवारी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध जूना पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित ब्रह्मऋषि महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंदगिरी महाराज का दिव्य आलौकिक प्रकाश उत्सव पर्व आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन शहर के गोल बाजार स्थित दत्त मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गुरु जी की पादुका पूजन किया गया, भजन कीर्तन के साथ सनातन धर्म प्रेमियों, शिष्यों हेतु गुरु जी के उद्बोधन हुए। उक्त अवसर पर आर.के. नेमा एवं सहयोगी बंधुओं द्वारा सुन्दर काण्ड की सुन्दर प्रस्तुति की गई। आरती पश्चात भक्तों हेतु महाप्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभु प्रेमी संघ नवनीश जौहरी, सूरज कुशवाहा, आनंद व्यास, विभेश चतुर्वेदी, संतोष तिवारी, एके. सिंग, संतोष दुबे, आशा राठौर, साधना तिवारी, नीतू कुशवाहा, पूजा चतुर्वेदी, सोनल तिवारी, श्रद्धा तिवारी, प्रिया चौरसिया, रामायण तिवारी, निशा तिवारी, आरती गये, रूपांजली पाठक, वीरेन्द्र कुमार चौबे, चन्द्रकान्त गरे, आर.के. नेमा सहित लगभग 170 प्रभु प्रेमी संघ के सदस्य एवं भक्तजनों की उपस्थिति रही।



## आयुध निर्माणी से रिटायर्ड मित्रों का मिलन समारोह

**जबलपुर।** भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के आयुध निर्माणी संगठन के जीआईएफ से रिटायर्ड ऑफिसर्स प्रमोद दुबे ओ पी सिंह,एस के सरकार, पी एन झा, गुरमुख दास व अनिल शुक्ला ने दीपावली का पर्व का आयोजन किया। आयोजन सभी ने एक दूसरे से पारंपरिक तरीके से पर्व की खुशियाँ साझा कीं। इस खास मौके में सभी ने सुरक्षा संस्थानो में निभाये दायित्वो सहित अपने-अपने अनुभवों को साझा किए और सामाजिक सद्भाव, सहयोग एवं एकता पर बल दिया।



**जबलपुर।** भेड़ाघाट में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान कर भक्तजनों ने पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ ने हर्षोल्लास से मनाई संत सुदर्शन महाराज जयंती



**जबलपुर।**

भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ 1213 के तत्वावधान में सद्गुरु परम पूज्य सुदर्शन महाराज की जयंती में जागेश समुद्रे राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा) सुदर्शन समाज महासंघ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जबलपुर ग्रामीण प्रभारी अनु. मोर्चा भाजपा ने बताया कि सुदर्शन भवन प्रेमसागर स्थित गुरु जी की प्रतिमा पर सभी सदस्यों के द्वारा माल्यार्पण व पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण कर गुरु जी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ युवा एवं मातृशक्तियों सहित प्रसादी लाल बिरहा,पप्पू ग्रनिया, जगदीश चोहटेल, अशोक कटारे, पवन मोगरे, रामकिशन हटे, हरिराम बिरहा, सूरज समुद्रे, राकेश समुद्रे, संजय बहमनिया, अजय अधिकार, बबलू लालपुरी, विनय राठौर, लक्की मलिक एवं सुदर्शन समाज महासंघ के सभी वरिष्ठ व युवा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जबलपुर में सर्व सिंधी समाज ने निकाली आक्रोश रैली

## भगवान झूलेलाल के अपमान पर FIR दर्ज



**जबलपुर।** छत्तीसगढ़ में अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज एवं इष्टदेव भगवान झूलेलाल जी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज जबलपुर में सर्व सिंधी समाज द्वारा एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ सिंधु भवन, घंटाघर से हुआ और शहर में भ्रमण करते हुए यह रैली कंट्रोल रूम, घंटाघर पहुंची, जहां समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी महोदय को ज्ञापन सौंपा तथा एफआईआर दर्ज कराई।

रैली में समाज के सभी पंचायतों, समितियों, संस्थाओं ने एकजुटता के साथ भाग लिया और भगवान झूलेलाल जी के सम्मान की रक्षा के लिए एक स्वर में आवाज़ उठाई। समाज ने चेतावनी दी कि यदि समय पर सख्त कार्यवाही नहीं की गई, तो आगे कठोर आंदोलन किया जाएगा। इस आक्रोश रैली के माध्यम से सिंधी समाज ने स्पष्ट संदेश दिया कि आस्था और सम्मान के मुद्दे पर पूरा समाज एकजुट है। इस अवसर पर केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी, अर्जुन पुरसवानी, एड. उमेश पारवानी, डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन), विनय रोहानी, संजय पुरसवानी, एड. जय सचदेवा, डॉ. जय रोहानी, हरि केसवनी, एड. रोशन मंध्यानी, उद्धवदास पारवानी, अर्जुन पुरसवानी, शमन आसवानी, दिलीप तलरेजा, एड. संतोष गोगिया, राजकुमार कांधारी, जेठनंद खत्री, श्रीचंद मंध्यानी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी,, ताराचंद खत्री, सुरेश असवानी, सुधीर भागचांदनी, गोविन्द हीरानी, एड. राजेश पंजवानी, मनोज सनपाल, महेंद्र उधवानी, अनिल रामृरख्यानी, हरीश सचदेवा, हरीश नवानी, दीपक चंदवानी, कमल डोडेजा, हरीश लालवानी, प्रकाश आहूजा, प्रकाश आसवानी, और 3000 से अधिक सिंधी सदस्य शामिल हुए।

## डीएन जैन महाविद्यालय ने मनाया मप्र का स्थापना दिवस

**जबलपुर।** डीएन जैन महाविद्यालय में शासन के आदेशानुसार 01 नवम्बर से 03 नवम्बर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम डॉ. तरुण वाजपेयी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मप्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही महाविद्यालय प्रांगण को रंगोली एवं प्रकाश से सुसज्जित किया गया। 01 नवम्बर को प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय गान एवं मप्र गान का गायन किया। कार्यक्रम में प्रो. रूपा कहार, प्रो. शुभांगी गौतम, प्रो. अमित कश्यप, प्रो. अनुराग नामदेव, जीडी अग्रवाल, अनीता तिवारी, सतेन्द्र शुक्ला, रूपेश श्रीवास्तव, मनोज चौबे, चन्द्रकांत देठे, सुरेश दहायत, राकेश तिवारी तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



## पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्यतिथि मनाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्यतिथि के अवसर पर एम्पायर चौक स्थित दादा ईश्वरदास रोहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान सुंदरकांड पाठ, मिष्ठान्न वितरण के पश्चात केंट विधानसभा अंतर्गत महिला भजन मंडली की महिलाओं को भजन सामग्री का वितरण किया गया, तत्पश्चात विकलांगजनों को ट्राई साइकल भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, रत्नेश सोनकर, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, आशीष राव, पार्षद कृष्णदास चौधरी, पार्षद श्याम कनोजिया, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, गुल्लू दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 9 को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के सचिव जीवनलाल रजक ने बताया कि मप्र एथलेटिक्स चयन ट्रायल 09 नवम्बर को साइंस कॉलेज ग्राउंड पर प्रातः 09 से 05 बजे तक आयोजित है। प्रतियोगिता में 30 से 80 वर्ष आयु वर्ग के महिला-पुरुष भाग लेंगे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, कलश राज चौधरी आत्मज श्री भवानी सिंह चौधरी, निवासी-प्लाट नं. 1035, दुर्गा कॉलोनी, संजीवनी नगर गढ़ा, जबलपुर मध्य प्रदेश, 482003 का मूल निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम कलश राज चौधरी दर्ज है, जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कलश राज (KALASH RAJ) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अत: मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम कलश राज चौधरी (KALASH RAJ CHOUDHARY) को दर्ज कर पासपोर्ट की समस्त कार्यवाही को पूर्ण किया जावें एवं यह कि मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों मे मेरा यही नाम पढ़ा व पहचाना जावें।

**सही नाम-कलश राज चौधरी**
**गलत नाम-कलश राज**

## खबर संक्षेप

### नाबार्ड ने धार में नई लिफ्ट सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी

भोपाल। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले में एक नई सिंचाई परियोजना अर्थात 'धार माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना' को मंजूरी देने की घोषणा की है। यह परियोजना धार जिले के पांच तहसीलों- धार, सरदारपुर, गंधवानी, पीथमपुर और मनावर में 55,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी। 30 अक्तूबर 2025 तक नाबार्ड ने मध्य प्रदेश राज्य मे आरआईडीएफ के तहत कुल 3,762 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 44,112 करोड़ रुपये की ऋण सहायता शामिल है। इसमें से 35,699 करोड़ रुपए पहले ही संवितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड आरआईडीएफ के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने, ग्रामीण भारत में समावेशी विकास और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 200 से अधिक एमएसएमई करेगी अपने उत्पादों का प्रदर्शन

# 3 दिवसीय फेड एक्सपो 21 नंवबर से जीआईए ट्रेड एक्जीविशन सेंटर में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई ) ने तीन दिवसीय आगामी फेड एक्सपो 25 का आयोजन 21 नवंबर 2025 से जीआईए ट्रेड एक्जीविशन सेंटर भोपाल में करने की घोषणा की। एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि इस फेड एक्सपो के तहत लगभग 200 से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेगी। इसके साथ ही इस एक्सपो में रूस, ओमान, ताईवान आदि कई देशों के उद्योग प्रतिनिधि भाग ले रहे है। जिनके आने से प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों को अंतर्राष्ट्रीय उद्यमियों से व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस कार्यक्रम से भारत एवं विभिन्न देशों के मध्य औद्योगिक संबंध मजबूत होगें एवं बाईलेटरल ट्रेड को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड , भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठान, एचईजी, रेलवे, बीना रिफायनरी एवं अन्य बड़ी इकाईयां, राज्य शासन के विभागों तथा विभिन्न क्षेत्रीय औद्योगिक इकाईयों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।



फेडरेशन की प्रेस कांफ्रेंस

### 'मेक इन इंडिया' पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर होगी चर्चा

*उन्होंने बताया कि एक्सपो में एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से वेंडर बनने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, एक्सपो के दौरान विशेष सत्रों में सरकारी क्रय नीतियों, 'मेक इन इंडिया' पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। इस एक्सपो में प्रदेश की शैक्षणिक संस्थाऐं एवं स्टार्टअप भी भाग ले रहे है। यह उनके लिए एक अवसर होगा जिसके माध्यम से वह प्रदेश में अपने कार्य का प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। साथी ही स्टार्टअप्स के लिए एक पिचिंग सेशन भी रखा गया है।*

# एआईसीसी की आदिवासी कांग्रेस सलाहकार परिषद में जेल में बंद कवासी लखमा का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ से 8 वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई


दीपक बैज


कवासी लखमा


फूलो देवी नेताम

खास खबर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया है। नई समिति में छत्तीसगढ़ से 8 वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। खास बात यह है कि इनमें बीते 8 महीनों से जेल में बंद विधायक कवासी लखमा का भी नाम शामिल किया गया है। एआईसीसी द्वारा गठित इस सलाहकार परिषद में दीपक बैज, फूलो देवी नेताम, मोहन मरकाम, प्रेम साय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत, रामपुकार सिंह, खेल साय और कवासी लखमा शामिल हैं। बताया गया है कि यह परिषद पार्टी की आदिवासी इकाई को सशक्त करने और जमीनी मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम करेगी। पार्टी का मानना है कि आदिवासी समुदायों से जुड़े सामाजिक, राजनीतिक और विकासात्मक विषयों पर यह परिषद महत्वपूर्ण नीति-निर्माण भूमिका निभाएगी। छत्तीसगढ़ से 8 नेताओं को शामिल किया जाना राज्य में पार्टी की आदिवासी जनाधार को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। विशेष तौर पर कवासी लखमा का नाम परिषद में शामिल होना चर्चा का विषय है। उल्लेखनीय है कि देवेंद्र यादव जब जेल में बंद थे। उन्हें कांग्रेस संगठन ने महासचिव बनाया था।

### आदिवासियों की निजी जमीन पर कब्जा, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के बैल, धरमा, एवं बड़ेपल्ली गांव के ग्रामीणों की लगभग 120 एकड़ से ज्यादा निजी भूमि पर रायपुर के एक उद्योगपति के नाम पर कब्जा होने का मामला संज्ञान में आया है। कांग्रेस पार्टी ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनाई है। कमेटी के अन्य सदस्यों में विक्रम मंडावी, राजमन बेंजाम, छबिन्द्र कर्मा,हरीश कवासी, नीनी रावतिया, शंकर कुडियाम, लालू राठौर, लच्छू राम मौर्य को सदस्य बनाया गया है। जांच समिति क्षेत्र में जाकर मामले की जांच कर रिपोर्ट पीसीसी को सौंपेगी।

# सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का मुनाफा नौ प्रतिशत बढ़ा

- दूसरी तिमाही में बढ़कर रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपए हुआ
- एसबीआई ने कुल कमाई में 40 फीसदी का योगदान दिया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सामूहिक रूप से रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। यह दो बैंकों द्वारा लाभ में गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 45,547 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। शेयर बाजारों में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने कुल 49,456 करोड़ रुपये की कमाई में 40 प्रतिशत का योगदान दिया। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 20,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। प्रतिशत के हिसाब से चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने 58 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की और 1,226 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

इसके बाद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा जिसने 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,213 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। इस तिमाही में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों ने लाभ में वृद्धि दर्ज की।

### यूनियन बैंक का लाभ 10 फीसदी घटा

बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 5,238 करोड़ रुपये था। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का लाभ 10 प्रतिशत घटकर 4,249 करोड़ रुपये रह गया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 23 फीसदी लाभ दर्ज किया

इस अवधि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक ने 23 प्रतिशत लाभ वृद्धि दर्ज की, जबकि केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक ने क्रमशः 19 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद में संख्या कम

# 30 जिले में बढ़ी किसानों की संख्या, पिछले साल से एक लाख से ज्यादा किसान बेचेंगे धान

हरिभूमि न्यूज▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में राज्यभर के 26 लाख 49 हजार से अधिक किसान अपना धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच पाएंगे। खास बात ये है कि इस बार किसानों को राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल और केंद्र सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की अनिवार्यता थी। इस बार एग्रीस्टेक में पंजीयन को लेकर कई तरह की शिकवे-शिकायतें और अफवाहें भी थी, लेकिन एक लाख से अधिक किसानों की संख्या बढ़ने से इन सभी बातों पर विराम लग गया है। राज्य के 33 जिलों में केवल तीन जिले धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद में पिछले साल के मुकाबले पंजीकृत किसानों की संख्या कम हुई है। राज्य में धान उत्पादक किसानों के लिए यह पहला अवसर था जब उन्हें दोहरी पंजीयन प्रणाली का सामना करना पड़ रहा था। इसकी वजह से किसानों के एक वर्ग में चिंता और परेशानियों की कई खबरे अलग-अलग जिलों से आ रहीं थी।



### 69 हजार किसानों को फायदा

राज्य सरकार ने इस बार धान खरीदी के दौरान पांच प्रकार के किसानों को पंजीयन से छूट देने का फैसला किया था। इनमें वनाधिकार पट्टाधारी, शासकीय भूमि पर खेती करने वाले, ट्रस्ट की जमीनों पर खेती करने वाले, रेगहा अधिया वाले कोटवारी जमीन पर धान उगाने वाले शामिल थे। इस श्रेणी के तहत 68 हजार 790 किसानों का पंजीयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस श्रेणी के किसानों को पिछले साल धान बेचने की अनुमति नहीं थी।

### आंकड़ों की नजर में किसानों की संख्या

खरीफ सीजन 2025-26 में धान की खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों का ब्योरा इस प्रकार है। राज्य के सभी 33 जिलों में पिछले साल कुल पंजीकृत किसान 25 लाख 49 हजार, 606 थी। लेकिन इस साल यह संख्या बढ़कर 26 लाख 49 हजार 584 हो गई है। इसका मतलब इस साल किसानों की संख्या एक लाख से अधिक बढ़ी है। इन्हीं आंकड़ो के साथ एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों का ब्योरा भी है। इसके मुताबिक एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों की संख्या 26 लाख 2 हजार 613 है।

# चीन से सीमलेस पाइप और ट्यूब का आयात हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वित्त वर्ष 2024-25 में दोगुना होकर 4.97 लाख टन रहा
- वर्ष 2023-24 में चीन से 2.44 लाख टन का आयात किया गया

चीन से 'सीमलेस पाइप' और 'ट्यूब' का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो गुना से अधिक होकर 4.97 लाख टन रहा। घरेलू विनिर्माताओं के संगठन एसटीएमएआई ने यह जानकारी दी। उद्योग जगत के आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से 2.44 लाख टन 'सीमलेस पाइप' व 'ट्यूब' का आयात किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में आयात 1.47 लाख टन था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 82,528 टन रहा था। सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसटीएमएआई) के अध्यक्ष शिव कुमार सिंघल ने कहा कि गत वित्त वर्ष में चीन के पाइप का आयात वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग पांच गुना बढ़ा है। सिंघल ने कहा, '' घरेलू 'सीमलेस पाइप' उद्योग की सुरक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न सुरक्षा उपायों के माध्यम से किए गए मजबूत समर्थन के बावजूद चीन के पाइप आयात में समय के साथ तेजी से वृद्धि हुई है। चीन से आयात पर अंकुश लगाने में ये प्रयास काफी हद तक अप्रभावी साबित हुए हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि चीन की कंपनियां भारतीय बाजार में 'सीमलेस पाइप' की डंपिंग कर रही हैं।

### भारतीय उत्पादकों को भारी नुकसान

यह प्रथा निष्पक्ष व्यापार को कमजोर करती है और भारतीय उत्पादकों को गंभीर नुकसान पहुंचाती है।'' चीन न केवल बाजार में अत्यधिक सस्ते पाइप पहुंचा भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि ताप विद्युत, परमाणु ऊर्जा तथा तेल एवं गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को घटिया सामग्री की आपूर्ति करके गंभीर सुरक्षा चिंताएं भी उत्पन्न कर रहा है।

# तिरुमला मंदिर को दान किया 22 किलो का बर्तन

**तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने बताया कि हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को चांदी का एक बड़ा बर्तन (गंगालम) अर्पित किया है। 22 किलोग्राम वजनी और 30 लाख मूल्य का गंगालम जे श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा दान किया गया था। रेड्डी ने श्रीवारी मंदिर के सामने मंदिर के अधिकारियों को चांदी का गंगालम सौंपा। टीटीडी दुनिया के सबसे धनी हिंदू मंदिर श्री वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है।

# नवंबर के अंत से भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात घटेगा

- भारत सीधी खरीद में कटौती करने जा रहा
- अमेरिका ने रूस की दो तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत नवंबर के अंत से रूसी कच्चे तेल की सीधी खरीद में कटौती करने जा रहा है। यह कदम रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों पर 21 नवंबर से लागू होने वाले नए अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद उठाया जा रहा है। विश्लेषकों ने यह संभावना जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि देश के कुल रूसी तेल आयात में आधे से अधिक हिस्सा रखने वाली भारतीय रिफाइनरी इकाइयां नए अमेरिकी प्रतिबंधों के अनुपालन में रूसी तेल की प्रत्यक्ष खरीद में कटौती कर सकती हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) शामिल हैं। अमेरिका ने रूसी पेट्रोलियम कंपनियों- रोसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर 21 नवंबर से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

*21 नवंबर के बाद से आएगी गिरावट : नौवहन सूचना फर्म 'केप्लर' के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''21 नवंबर के बाद रूसी कच्चे तेल की खेपों में गिरावट दिखेगी, क्योंकि अधिकांश भारतीय रिफाइनरी अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करते हुए रोसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से प्रत्यक्ष खरीद घटाएंगी या रोक देंगी।''*

### चिप कंपनियों के निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट

# अमेरिका से लेकर एशियाई शेयर बाजार में मचा कोहराम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाई वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताओं पर दुनिया भर में सेमी-कंडक्टर यानी चिप कंपनियों के निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की तो कोहराम मच गया। अमेरिका से लेकर एशियाई बाजारों से बिकवाली के बीच निवेशकों के 50000 करोड़ डॉलर (44.4 लाख करोड़ रुपए) साफ हो गए।

अमेरिकी मार्केट और एशियाई मार्केट में कोहराम के बीच हाई वैल्यूएशन की चिंताओं पर निवेशकों ने धड़ाधड़ मुनाफावसूली की जिससे कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टीएसएमसी 3 प्रतिशत से अधिक टूट गया। यह ताइवान की सेमीकंडक्टर कॉन्ट्रैक्ट मैनुफैक्चरिंग और डिजाइन कंपनी है।

### बाजार में बना रह सकता है हाहाकार

पेपरस्टोन ग्रुप के हेड ऑफ रिसर्च क्रिस वेस्टन का कहना है कि वैश्विक बाजारों में मचा हाहाकार बना रहा सकता है। उनका मानना है कि फिलहाल खरीदारी करने की वजह नहीं दिख रही है। एबरडीन इन्वेस्टमेंट्स के फंड मैनेजर शिन-याओ एनजी का कहना है कि यह जरूरी और हेल्दी करेक्शन है। उनका मानना है कि एआई बुलबुला है जिसके फिलहाल फूटने की स्थिति तो नहीं दिख रही है लेकिन अगर कुछ एआई स्टॉक्स की बिकवाली जारी रही है तो इसके फूटने में अधिक समय नहीं लगेगा।

- *सेमीकंडक्टर कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घटा*
- *निवेशकों में शेयरों के हाई वैल्यूएशन को लेकर चिंता देखी गई*



**फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव :** चिप कंपनियों में बिकवाली के दबाव और फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में बिकवाली के चलते दुनिया भर में चिप कंपनियों का मार्केट कैप 50000 करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स अमेरिका की 30 सबसे बड़ी चिप कंपनियों के उतार-चढ़ाव का इंडिकेटर है।

**अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंता :** एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों की तेजी के दम पर अमेरिकी मार्केट और एशिया के कुछ इक्विटी मार्केट इंडेक्स नई ऊंचाई पर पहुंच गए। इन शेयरों ने हाई वैल्यूएशन और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर उठी चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए तगड़ा परफॉरमेंस दिखाया था।

### दक्षिण कोरियाई बाजार में तीन फीसदी की गिरावट

पहले एशियाई मार्केट की बात करें तो सबसे अधिक गिरावट दक्षिण कोरिया में आई और इसका इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स कोस्पी बुधवार 5 नवंबर को 3 प्रतिशथ से अधिक फिसल गया। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हीनिक्स में मुनाफावसूली के दबाव में यह फिसल गया। इनमें 6%-6% से अधिक गिरावट आई। इस साल इनके शेयरों में अच्छी तेजी आई और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर इस साल अब तक 80 प्रतिशत और एसके हीनिक्स के शेयर 200 प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए हैं।

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर:** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ:** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड, ब्रिटेन ने आईएचसी को मान्यता दी

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड (डब्ल्यूबीआर) ने सतत विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सार्वजनिक सहभागिता और बौद्धिक सहयोग को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) को मान्यता प्रदान की है। यह सम्मान भारत और अन्य स्थानों पर नवाचार, संवाद और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले एक प्रमुख संस्थान के रूप में आईएचसी की भूमिका का सम्मान करता है।
यह प्रमाण पत्र हाल ही में आईएचसी के गुलमोहर हॉल में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इसमें आईएचसी के निदेशक के.जी. सुरेश, डब्ल्यूबीआर के अध्यक्ष एवं सीईओ संतोष शुक्ला तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## शब्द पहेली - 6039



**बाएँ से दाए-**
1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
34.उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6038 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6049

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENADHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6048 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |



## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार







## डॉक्टर्स एडवाइस



**डॉ. अशोक कुमार वैद**
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

### क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

### लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।



इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

### जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्सः** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

### कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके



पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।

**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरेपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।
**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।
**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।
**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।
**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।
**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।
**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## अवेयरनेस

हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

**स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर**

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन



### इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

### टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

### हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

### निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

### शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**



# बांग्लादेश महिला टीम में बवाल, गेंदबाज जहांआरा ने कहा- कप्तान करती हैं जूनियरों की पिटाई

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की महिला टीम से बाहर चल रही तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने आरोप लगाया है कि कप्तान निगार सुल्ताना जूनियर क्रिकेटरों की पिटाई करती हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि इस आरोप को निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बांग्लादेश के अखबार 'कलेर कांथो' को दिए साक्षात्कार में आलम ने भारत और श्रीलंका में हुए महिला वनडे विश्व कप में टीम के सातवें स्थान पर रहने के बाद मौजूदा कप्तान, कुछ साथियों, कोचिंग स्टाफ और टीम प्रबंधन पर कई चौंकाने वाले आरोप लगाए।



### माफी मांगने पर की जाती पिटाई

आलम ने कहा, 'यह कोई नई बात नहीं है। निगार जूनियर खिलाड़ियों को बहुत पीटती है। यहां तक कि विश्व कप के दौरान भी जूनियर खिलाड़ियों ने मुझे बताया कि माफी मांगने पर भी उनकी पिटाई की जाती थी। मुझे कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी पिटाई हुई थी। यहां तक कि दुबई दौरे के दौरान भी, उसने एक जूनियर को कमरे में बुलाया और उसे थप्पड़ मार दिया।'



### टीम के अंदर माहौल बहुत खराब

जहांआरा ने आरोप लगाया कि टीम के अंदर माहौल बहुत खराब है और इसीलिए उन्हें मानसिक स्वास्थ्य कारण से ब्रेक लेना पड़ा था। आलम ने कहा, 'मैं अकेली नहीं हूं, बांग्लादेश टीम में हर कोई कमोबेश पीड़ित है। हर किसी की पीड़ा अलग है। टीम में केवल एक या दो खिलाड़ियों को ही अच्छी सुविधा मिलती हैं।'

### बीसीबी ने किया आरोपों को खारिज

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आरोपों को तुरंत खारिज कर दिया। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बीसीबी इन आरोपों का स्पष्ट तौर पर और दृढ़ता से खंडन करता है, जो निराधार, मनगढ़ंत और सच्चाई से परे हैं।'

## खबर संक्षेप



### जिम्बाब्वे की टीम से बाहर हुए पूर्व कप्तान विलियम्स

**हरारे।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान सीन विलियम्स अब कभी अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तरफ से नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्होंने खुलासा किया है कि नशे की लत के कारण उन्होंने कुछ मैच नहीं खेले थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार विलियम्स को राष्ट्रीय टीम से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस बात की जांच की कि सितंबर में टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर विलियम्स ने अचानक टीम से नाम वापस क्यों ले लिया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा, 'जांच के दौरान विलियम्स ने खुलासा किया कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं और स्वेच्छा से रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजरना चाह रहे हैं।'

### पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को दो विकेट से हराया



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में चार विकेट लेकर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था।

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को 7 रन से हराया



**आकलैंड।** वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर वाले पहले टी20 मैच में न्यूजीलैंड को सात रन से हरा दिया। कप्तान शाई होप ने 39 गेंद में 53 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर छह विकेट पर 164 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दसवें ओवर तक दो विकेट खोकर 70 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद सात विकेट 37 रन के भीतर गिर गए और 17वें ओवर में स्कोर नौ विकेट पर 107 रन था। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने ऐसे में 28 गेंद में 55 रन बनाकर उम्मीद जगाई। उन्होंने 18वें ओवर में मैथ्यू फोर्डे को चार चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद 19वें ओवर में जैसन होल्डर को पहली तीन गेंदों पर चौके लगाए। आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को 20 रन की जरुरत थी और सेंटनेर ने तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड को छक्का लगाया।

## आज दोपहर 1:45 बजे से चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, बड़े स्कोर पर गिल की निगाह

एजेंसी ▶▶| कैरारा (गोल्ड कोस्ट)

अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 6 नवंबर को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे, जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का यह सबसे

■ तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर



### गिल अभी तक नहीं दिखें चिर परिचित लय में

हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी। बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं।

### अर्शदीप के होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत

अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### मार्श और डेविड पर निर्भर ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट को अपना सलामी जोड़ीदार बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग में बदलाव करने पड़ सकते हैं क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को उनकी जगह पर लाया जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम ज़म्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

## आईसीसी रैंकिंग

# अभिषेक और रोहित टॉप पर गिल और आजम को नुकसान





एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने बुधवार को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इस बार फिर से टी20 इंटरनेशनल में भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार रही है।

वहीं रोहित शर्मा एक बार फिर से वनडे क्रिकेट के नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए हैं। इसके अलावा भारतीय कप्तान शुभमन गिल को और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को नुकसान उठाना पड़ा है। अभिषेक शर्मा लंबे समय से अब टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर बरकरार हैं।

वहीं पिछले हफ्ते अपने करियर में पहली बार वनडे इंटरनेशनल में नंबर 1 वन बने रोहित शर्मा भी अपनी टॉप पोजीशन पर काबिज हैं। वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में कुलदीप यादव को फायदा मिला है।

### शुभमन और बाबर नीचे खिसके

शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में एक स्थान और नीचे खिसक गए हैं। वह अब नंबर 3 से नंबर चार पर आ गए हैं। वहीं पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम को नंबर 4 से नंबर 5 पर लुढ़कना पड़ा है। इसके अलावा विराट कोहली नंबर 6 की पोजीशन पर बरकरार हैं। वहीं नंबर 9 पर वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर मौजूद हैं।

### नंबर 3 पर काबिज तिलक

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर तो अभिषेक हैं वहीं उनके अलावा तिलक वर्मा नंबर 3 के स्थान पर काबिज हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव की पोजीशन में भी खास बदलाव नहीं हुआ है और वह नंबर 8 पर बने हुए हैं। टी20 गेंदबाजों की लिस्ट में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर बरकरार हैं। मगर उनके अलावा कोई भी टॉप 10 में भारतीय गेंदबाज नहीं है।

# फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वैभव का पहला अर्धशतक, शतक से सात रन रहे दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा तूफानी ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मेघालय के खिलाफ अपनी टीम के लिए पहली इनिंग में तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपने शतक से सिर्फ 7 रन से चूक गए। फर्स्ट क्लास करियर में वैभव ने अपने कॅरियर का पहला अर्धशतक जड़ा। इस सीजन में बिहार ने अपना तीसरा मैच मेघालय के लिए खेला और ये ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन वैभव की बैटिंग इस मैच में बेहतरीन रही।



### मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त

इस मैच में पहले दो दिन का खेल बारिश की वजह से खेला ही नहीं जा सका और जब तीसरे दिन टॉस हुआ तब बिहार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद मेघालय ने पहली पारी में 7 विकेट पर 408 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। इसके जबाव में बिहार ने 4 विकेट पर 156 रन बनाए और मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। वैभव के अलावा पहली पारी में बिहार के लिए मंगल महरौर ने 25 रन की पारी खेली जबकि बिपिन सौरव ने 15 रन बनाए। वहीं इस मैच में बिहार के खिलाफ पहली पारी में मेघालय के लिए अजय दुहान ने 129 रन की बेहतरीन पारी खेली जबकि स्वस्तिक छेत्री ने 94 रन बनाए। मेघालय के लिए आकाश चौधरी 60 रन बनाकर नाबाद रहे।

### सूर्यवंशी ने 67 गेंदों पर खेली 93 रन की पारी

वैभव का बिहार के लिए इस सीजन में ये तीसरा मैच था और उन्होंने इस सीजन में पहला अर्धशतक लगाने में सफलता हासिल की। हालांकि उनके पास शतक लगाने का मौका था, लेकिन वो इससे चूक गए और 67 गेंदों पर 93 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। वैभव ने इस दौरान अपनी पारी में 4 छक्के और 9 चौके भी लगाए जबकि उनका स्ट्राइक रेट 138.81 का रहा। वैभव का इस मैच में भी अंदाज नहीं बदला और वो रेड बॉल क्रिकेट में भी टी20 की तरह ही खेलते नजर आए। फर्स्ट क्लास करियर में ये वैभव का पहला अर्धशतक रहा साथ ही उनकी ये अब तक की सबसे बड़ी पारी भी रही।

### एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित लाबुशेन की वापसी

**गोल्ड कोस्ट।** लगातार लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले मार्नस लाबुशेन की एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया। लाबुशेन खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वह वापसी करने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें मैट रेनशॉ और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई है, हालांकि अभी यह तय नहीं है कि उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। वेदरल्ड पिछले साल शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में 50.33 की औसत से 906 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे।



## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# गॉफ ने पाओलिनी को हराया अब सबालेंका से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| रियाद

गत चैंपियन कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। गॉफ को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में जेसिका पेगुला से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। उनका अगला मुकाबला शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सबालेंका ने पेगुला को 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। पाओलिनी लगातार दो मैच में हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। वह अपनी जोड़ीदार सारा इरानी के साथ इस प्रतियोगिता में युगल मुकाबला भी खेल रही हैं।




## भारत ए बनाम द.अफ्रीका ए के बीच दूसरा मैच आज सुबह 9.30 बजे से

# फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे पंत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार 6 नवंबर से तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर



### द.अफ्रीका श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगी

सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बल्लेबाजों के नजरिए से, दक्षिण अफ्रीका ए के तेज गेंदबाजों ने पहले मैच के अंतिम दिन शॉर्ट पिच गेंद की रणनीति का अच्छा इस्तेमाल किया और पंत सहित अधिकतर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, कुलदीप यादव।

**दक्षिण अफ्रीका ए :** मार्केस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।

# यूनान में 30 साल बाद जीते जोकोविच, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**एथेंस।** नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'एथेंस में खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है। यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं, जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया।'

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Alto K10 Model - 2023
MP20 - ZD - 6093
Tata Intra V30 Model - 2023
MP-20-ZE-8773
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

**हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, माना-** प्रदेश में है मुड़िया जनजाति का अस्तित्व, मुड़िया जनजाति के प्रमाणपत्र को अवैध बताने का हाई लेवल स्क्रूटनी कमेटी का आदेश निरस्त

# संसद ने छग बनने के बाद भी सूची से नहीं हटाया साफ है कि प्रदेश में मुड़िया जनजाति निवासरत

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि संसद ने छग बनने के बाद भी मप्र में जनजाति की सूची से नाम मुड़िया जनजाति को नहीं हटाया है। इस निर्णय से साफ है कि प्रदेश में मुड़िया जनजाति के लोग निवासरत हैं। इस मत के साथ जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने हाई पावर कास्ट स्क्रुटनी कमेटी के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मध्यप्रदेश में मुड़िया जनजाति निवासरत नहीं है। कोर्ट ने मामले को हाई पावर कमेटी के समक्ष फिर से भेजने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि कमेटी मुड़िया जनजाति का दावा करने वालों के मामलों पर मानवीय व सामाजिक विशेषताओं के आधार पर विचार करे। यह भी ध्यान रखे कि मप्र की सूची से मुड़िया जनजाति को हटाया नहीं गया है। इसी के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ की गई सभी कारवाइयों को निरस्त कर दिया।

बैतूल जिले में तत्कालीन हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य पूरनलाल मुड़िया सहित 45 ने 2002 में इस संबंध में याचिका दायर की थी। वहीं, नरसिंहपुर जिले के तत्कालीन असिस्टेंट सर्जन डॉ प्रदीप कुमार मुड़िया ने 2007 में तथा इसके बाद 2009, 2016,2018 व 2024 में अन्य याचिकाकर्ताओं ने याचिकाएं दायर की थीं। डॉ प्रदीप मुड़िया व अन्य 60 की ओर से अधिवक्ता ब्रह्मानंद पांडे ने कोर्ट को बताया कि मप्र के विभाजन के बाद सन 2000 में राज्य सरकार के आदिम जाति कल्याण विभाग ने एक आदेश जारी किया। इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में मुड़िया जनजाति को छग के बस्तर जिले का बताते हुए याचिकार्ताओं को इसके अंतर्गत नहीं माना गया। इसके खिलाफ याचिकार्ताओं ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट के आदेश पर 2002 में हाई पावर कास्ट स्क्रुटनी कमेटी ने याचिकार्ताओं की जाति की जांच की। इसमें याचिकार्ताओं को मुड़िया की बजाय ओबीसी में आने वाली मुड़हा जाति का बताते हुए याचिकाकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दे दिए। इस पर फिर हाईकोर्ट की शरण ली गई। अधिवक्ता पांडे ने तर्क दिया कि मुड़िया जनजाति अभी भी मप्र की जनजाति की सूची में 16 नंबर पर दर्ज है। जांच कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट के माधुरी पाटिल के केस के दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया। मनमानी तरीके से सब कमेटी बनाई गई। इस तथ्य को दरकिनार कर दिया गया कि एसडीएम, तहसीलदारों व अन्य अधिकारियों की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश में मुड़िया जाति के करीब 1200 परिवार हैं। अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि मुड़िया जनजाति के लोग अब भी मप्र में निवासरत हैं।

## कटनी स्टेशन पर रेलवे कर्मचारी की सतर्कता एवं साहस से यात्री की बची जान

जबलपुर। कटनी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर रेलवे के कर्मचारी की सतर्कता और साहस से एक यात्री की जान बच गई। दरअसल बुधवार 05 नवम्बर को प्रातः लगभग 07:45 बजे, कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर खड़ी ट्रेन संख्या 22683 यशवंतपुर - लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस के प्रस्थान के समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते हुए फिसलकर नीचे गिर गया। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात सीनियर सीसीटीसी मनोज राय ने तत्काल सतर्कता और साहस का परिचय देते हुए एक अन्य व्यक्ति की सहायता से उक्त यात्री को तुरंत ऊपर खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। मनोज राय के त्वरित एवं सराहनीय प्रयास से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन को रोका। यात्री को सुरक्षित पाया गया और तत्पश्चात वह अपनी यात्रा जारी रख सका। इस दौरान यात्री की टिकट पीएनआर संख्याः 4846980262, कोचः एस-6, सीट नं.: 49, 52 प्लेटफॉर्म पर गिर गई। ट्रेन में कार्यरत चेकिंग स्टाफ उमेश दास द्वारा यात्री के परिजनों से संपर्क कर सूचना दी गई। यात्री की पहचान लखन प्रसाद यादव (मोबाइल नंबरः 8806937525) के रूप में हुई, जो सेवाग्राम जंक्शन से मानिकपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्री को प्राथमिक उपचार हेतु सतना स्टेशन पर डीव्हायएसएम को अग्रिम सूचना दी गई। रेल प्रशासन ने मनोज राय के साहसिक एवं मानवता से परिपूर्ण कार्य की सराहना की है।

पिकनिक मनाने पहुंची थी केंद्रीय विद्यालय की छात्राएं

# भदभदा वॉटर फॉल में मिली दो सहेलियों की लाश

हरिभूमि, जबलपुर।



मंगलवार को दो छात्राओं के लापता होने के मामला सामने आया, जिसका खुलासा बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे के रूप में हुआ। केंद्रीय विद्यालय (केवी) खमरिया की 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो छात्राओं की लाशें भदभदा पिकनिक स्पॉट पर पत्थरों के बीच फंसी मिलीं। दोनों छात्राएं मंगलवार से लापता थीं। बुधवार सुबह से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पुलिस और गोताखोरों की टीम ने उनके शव नदी से बरामद किए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अ नुसार मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय खमरिया की 9वीं कक्षा की चार सहेलियां श्रुति यादव, देवांशी कोरी, प्रतिज्ञा ठाकुर और आयुषी सोनवारे स्कूल प्रोजेक्ट के नाम पर घर से निकलीं। बाद में वे सभी घूमने के लिए भदभदा पिकनिक स्पॉट पहुंचीं। बताया जा रहा है कि वहां से जब श्रुति और देवांशी नहीं दिखी तो प्रतिज्ञा आयुषी स्कूटी उठाकर घर लौट आई। उनसे पूछताछ में पता चला कि वे लोग पिकनिक मनाने भदभदा गए थे डर के मारे किसी को नहीं बताया।

### देर रात से चल रही थी खोजबीन

जब दोनों छात्राएं देर रात तक घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों ने उनकी सहेलियों से संपर्क किया। सहेलियों से मिली जानकारी के बाद परिजनों ने रांझी थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रांझी और खितौला थाना पुलिस ने देर रात भदभदा क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। रात में मौके पर जूते नदी किनारे मिले, जिससे यह आशंका गहराई कि वे पानी में डूब गई होंगी। इसके बाद बुधवार सुबह गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। सुबह के समय गोताखोरों ने भदभदा नदी के लोहे के पुल के पास पत्थरों के बीच दोनों छात्राओं के शव फंसे हुए देखे। शवों की पहचान श्रुति यादव और देवांशी कोरी के रूप में की गई। दोनों की उम्र करीब 14 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को मेडिकल कॉलेज भेजा।

### जांच में जुटी पुलिस

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि छात्राएं स्कूल में प्रोजेक्ट की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन वे भदभदा घूमने चली गईं। घटना के कारणों को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं फिलहाल पुलिस ने सहेलियों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।
रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों छात्राएं कैसे पानी में गिरीं क्या यह हादसा था या किसी और कारण से वे नदी में उतरीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होगी।

**इलाके में शोक की लहर**

इस दर्दनाक घटना से रांझी और खमरिया क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृत छात्राओं के घरों में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच करे और यह पता लगाए कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है।

**पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहराव**

# यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने चलाई स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पूर्व मध्य रेलवे से प्रारम्भ होकर पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी।



बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप)- गाड़ी संख्या 05213 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 07.11.2025 को* दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर भोर 04:05 बजे, इटारसी सुबह 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप)- गाड़ी संख्या 05215 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 08.11.2025 को* दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर भोर 04:05 बजे, इटारसी सुबह 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप)- गाड़ी संख्या 05217 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 09.11.2025 को* दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर भोर 04:05 बजे, इटारसी सुबह 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

**किराए के मकान में मिली रक्तरंजित लाश**

# युवती की हत्या कर युवक फरार..?

हरिभूमि, जबलपुर।



सदर बाजार क्षेत्र में बुधवार सुबह एक घर से दुर्गंध आने पर जब पुलिस ने ताला तोड़ा, तो भीतर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। सदर की गली नंबर 19 स्थित एक मकान में एक महिला की रक्तरंजित लाश पड़ी मिली। महिला के सिर पर गहरे चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे हत्या का मामला मान रही है। महिला के साथ रहने वाला युवक फरार है, जिससे संदेह गहराता जा रहा है। केन्ट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी सदर बाजार गली नंबर 19 में पूर्व कैंट बोर्ड मेंबर किरण ठाकुर के घर के बगल में बने विशाल केसरवानी के मकान में एक महिला और युवक पिछले करीब एक साल से किराए पर रह रहे थे। बीते तीन-चार दिनों से उनके घर का दरवाज़ा बंद था। बुधवार सुबह आसपास के लोगों को वहां से तेज दुर्गंध आने लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची। ताला तोड़कर जब घर के भीतर प्रवेश किया गया, तो कमरे में महिला की लाश खून से लथपथ हालत में पड़ी मिली। पुलिस के अनुसार, महिला के सिर पर किसी भारी वस्तु या धारदार हथियार से वार किया गया है। खून अधिक बह जाने से उसकी मौत हुई प्रतीत होती है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

### साथ रहने वाला युवक गायब

पड़ोसियों के अनुसार, महिला एक युवक के साथ रहती थी, जो अब गायब है। पुलिस को शक है कि उसी युवक ने महिला की हत्या कर फरार हो गया। फिलहाल उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### हाथ पर गुदे नाम से मिला सुराग

मकान मालिक सहित आसपास के लोगों को महिला या युवक का पूरा नाम-पता नहीं पता। वे केवल इतना जानते हैं कि दोनों करीब एक साल पहले यहां किराए पर रहने आए थे। पुलिस को महिला के हाथ पर 'कार्तिक' और 'अंजू' नाम गुदे हुए मिले हैं, जिनके आधार पर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

# सागर जिले के आरटीआई कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक अंतरिम आदेश के तहत सागर जिले के आरटीआई कार्यकर्ता सत्येन्द्र कुमार जैन की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में मप्र शासन को जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए।
सत्येन्द्र जैन के विरुद्ध पुलिस द्वारा एक अनुसूचित जाति के सरकारी कर्मचारी को आत्महत्या हेतु प्रोत्साहन करने के एवं पैसे की जबरदस्ती वसूली के अपराधों में एफआईआर दर्ज की थी। पूर्व में हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत निरस्त कर दी थी। सागर निवासी सत्येन्द्र जैन की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ राधेलाल गुप्ता एवं विपुल जैन ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने आरटीआई के आवेदन दाखिल कर नगर निगम में वाहनों के क्रय-विक्रय एवं अन्य कई सरकारी अनुबंधों, ठेकों में हुए करोड़ो रुपये के भ्रष्टाचार को उजागर किया गया था। लोकायुक्त तथा ईओडब्ल्यू में भी आपराधिक जांच एवं कार्यवाही हेतु शिकायतें की थीं। इस पर निगम के कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं लेखापाल कार्यालय के अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत कर उनके विरुद्ध जांच की जा रही थी। इसी बीच एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली थी। परिजनों के बयान के आधार पर सत्येंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। दलील दी गई कि मृत शासकीय कर्मचारी से याचिकाकर्ता का कभी भी किसी भी तरह का फोन पर अथवा व्यक्तिगत संवाद नहीं हुआ। झूठे आरोपों पर वरिष्ठ अधिकारियों के कहने पर एफआईआर दर्ज कराई गई।

**हाईकोर्ट का लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ को निर्देश**

# आदेश का पालन सुनिश्चित करें, वरना अगली सुनवाई के दौरान हाजिर रहें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अवमानना मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ को निर्देश दिए कि आदेश का पालन सुनिश्चित करें, वरना अगली सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से हाजिर रहें। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 24 नवंबर को तय की।



सिवनी निवासी अब्दुल गनी की ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा एवं एएस हुसैन ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता 20 जून 2005 को लोनिवि से ड्रायवर के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। उसने 240 दिवस का लीव एन्केशमेंट के लिए आवेदन दिया। भुगतान नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। वर्ष 2006 में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को उक्त भुगतान करने के निर्देश दिए। सरकार ने उक्त आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर कर दी, जोकि निरस्त हो गई। इसके बाद याचिकाकर्ता ने 2010 में अवमानना याचिका दायर की। पिछले 10 सालों से लंबित अवमानना मामले में कोर्ट ने सरकार को कई बार मोहलत दी, लेकिन आदेश का पालन नहीं हुआ। अवमानना याचिका के बाद सरकार ने 2016 में अपील पेश की थी। अपील भी निरस्त हो गई, लेकिन कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हुआ। दलील दी गई कि अधिकारियों ने जानबूझकर आदेश की अवहेलना की है।

युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

# झिंगरई में दबंगों का कहर

**जबलपुर।** खितौला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिंगरई में गत देर रात रात दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक को नुकीले हथियार से बुरी तरह घायल कर अधमरी हालत में छोड़ दिया और फरार हो गए। हमले के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं घायल युवक के परिजन भय और आक्रोश में हैं।खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार के अनुसार, झिंगरई निवासी इंद्रकुमार पटेल का गांव के ही बिट्टू, कमलेश, मंजू, राजेंद्र और रामप्रसाद से पुराने विवाद चल रहे थे। आपसी रंजिश और आए दिन होने वाली कहासुनी ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि किसी मामूली बात को लेकर आरोपियों ने इंद्रकुमार पर हमला कर दिया।आरोपियों ने नुकीले हथियार से वार कर इंद्रकुमार को लहुलुहान कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घायल युवक को जब परिजनों ने देखा तो उसकी हालत नाजुक थी। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर चोटों को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही खितौला पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

**माढ़ोताल और कटंगी थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे**

# सड़क दुर्घटनाओं में 2 महिला सहित 5 घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल और कटंगी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो मामले सामने आए है। माढ़ोताल में हाईवे मे नई बन रही मंडी के सामने दो बाईकों की आपस में भिडंत हो गई वहीं कटंगी में प्रज्ञाधाम मोड के पास एक कार ने दो युवक व एक महिला को टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना की इस वारदात में दो महिला सहित तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सालीवाड़ा बरगी निवासी 37 वर्षीय सुशील इनवाति गत दिवस अपनी बुआ की बेटी सोमती कुमरे और साद़ू भाई भाई संतलाल बर्मन अपनी पत्नी ममता बर्मन के साथ अपनी रिश्तेदारी में कटंगी आये थे। लगभग 9 बजे हाईवा पर पहुंचे तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 34 जेड ए 3665 का चालक हार्न बजाता हुआ तेज गति से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी जिससे वह एवं सोमती कुमरे गिर गये और दोनों को पैर में चोटें आ गयीं। इसी तरह कटंगी में वार्ड नंबर 9 मदार चौक कटंगी निवासी साजिद मंसूरी समाज की शादी में शामिल होने अपने दोस्त जबलपुर निवासी निजामुद्दीन एवं दमोह निवासी बनवार व वसीर खान के साथ आया था जहां से शाम के समय सैयद बाबा दरगाह होते हुए ग्राम कुलुआ की ओर पैदल बातचीत करते हुए जा रहे थे। शाम लगभग 6.30 बजे जैसे ही प्रज्ञाधाम मोड के पास पहुँचे तभी ग्राम कुलुआ तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 2884 के चालक ने निजामुद्दीन एंव वसीर खान को पीछे से टक्कर मारते हुये वहीं पास में खड़ी एक महिला हटा निवासी अनीता बर्मन को टक्कर मार दी जिससे तीनों को चोटें आ गई है। वही कार चालक कटंगी तरफ भाग गया। तीनों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया गया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक व कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240